# जिले में कल से शुरू होगी स्वगणना प्रक्रिया

**जनगणना-2027**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



जनगणना को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक अधिकारियों की उपस्थिति में तैयार किया गया मसौदा

**अमृत विचारः** मंगलवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा उससे पूर्व स्व-गणना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय एवं मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि स्व-गणना का कार्य सात से 21 मई 2026 के मध्य संचालित किया जाएगा। इस अवधि में कोई भी नागरिक स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल के माध्यम से दर्ज कर सकता है। यह व्यवस्था नागरिकों की सुविधा एवं पारदर्शिता को बढ़ाने हेतु लागू की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शत-प्रतिशत स्व-गणना सुनिश्चित कराएं तथा उन्हें इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही जनपद के सभी माननीय जनप्रतिनिधियों की स्व-गणना भी समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अतः प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। ग्राम सचिवालयों पर स्व-गणना हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की बैठक कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जाएं।

स्कूलों में रैली, संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों के माध्यम से स्व-गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे अधिक से अधिक परिवार इस प्रक्रिया में भाग लें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि डिजिटल संसाधनों से वंचित लोग भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना के अंतर्गत भरी गई समस्त सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय होती हैं तथा किसी भी व्यक्ति को अपने दस्तावेज, ओटीपी अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी अनधिकृत व्यक्ति के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में जनगणना की नोडल अधिकारी वर्तिका गुप्ता, एडीएम दुष्यंत कुमार मौर्य, दिग्विजय सिंह, सीडीओ डॉ एके सिंह, एएसपी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मैसेंजर पर दिया टॉस्क फिर 96 हजार उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



मुकेश कुमार को पैसा वापसी का प्रमाण पत्र देती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** टेलीग्राम पर टास्क को पूरा करने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने युवक को 96 हजार की चपत लगा दी। पीड़ित ने घटना के संबन्ध में शिवली थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। इस पर सक्रिय साइबर सेल ने कार्रवाई की। साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित के खाते में कुल राशि में से करीब 30 हजार रूप्ए की धनराशि को वापस कराई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के गांव औंगी निवासी मुकेश कुमार पुत्र रामसेवक के साथ ठगी हुई थी। मुकेश ने बताया कि उसके टेलीग्राम मैसेंजर पर साइबर अपराधियों ने जाल बिछाया। उसे एक टास्क सौंपा। उसको पूरा करने पर धन प्राप्त होने का झांसा दिया। इसके बाद 96300 रूपए की धोखाधड़ी कर दी।घटना के संबन्ध में बीते साल 4 मार्च को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर जांच एवं कार्रवाई करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की कटी हुई धनराशि 30,313.75 खाते में वापस करा दी है। पुलिस ने बताया कि बाकी धनराशि की बरामदगी हेतु आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सूबेदार के परिवार को सपाइयों ने दी सांत्वना

**कानपुर देहात।** बीते दिवस नबीपुर कमालपुर निवासी सूबेदार मेजर मान सिंह यादव का पुखरायां बाईपास पर रोड एक्सीडेंट में निधन हो गया था। मंगलवार को सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सेन यादव उनके आवास पर पहुंचे। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री यादव ने कहा कि स्वर्गीय मेजर मानसिंह बहुत ही भले इंसान थे। उनके अचानक चले जाने से समाज को गहरी वेदना हुई है। संवेदना व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव ठाकुर प्रसाद यादव, पूर्व सदस्य जिला पंचायत राकेश यादव, प्रधान मुन्ना लाल यादव, सुजगांव के प्रधान महेंद्र सिंह यादव आदि रहे।

### मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा

**कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के ककलापुर गांव में मामूली विवाद के बाद हुई मारपीट में घायल युवक की मौत हो गई। बताया गया कि रविवार को हैंडपंप पर पानी भरने के दौरान भैंस के फटकारने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई थी। इसके बाद झगड़ा हुआ। गांव के बलबीर और बृजेंद्र सिंह के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब वह हैंडपंप में पानी भरने गए थे। इसे लेकर मारपीट हुई।बलवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं हुआ। तब उसे औरैया के जिला अस्पताल लेकर गए। वहां उपचार के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

### अधिशासी अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**रसूलाबाद।** नगर पंचायत की नई अधिशासी अधिकारी डॉ. अनामिका सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। अलीगढ़ जनपद के जमा सिकंदरपुर नगर पंचायत में तैनात रहीं डॉ. अनामिका सिंह ने कार्यभार संभालते ही अधिकारियों व कर्मचारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि नगर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान उनकी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके साथ ही नगर को स्वच्छ और हराभरा बनाने के लिए बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की भी योजना है।

### युवक के निधन पर जताया गया शोक

**कानपुर देहात।** पुखरायां कस्बे में दलेलनगर के पास सड़क दुर्घटना में युवक हरिशंकर की मौत हो गई थी। मृतक बहुजन समाज पार्टी के पूर्व भोगनीपुर विधानसभा अध्यक्ष शिवप्रकाश उर्फ शिवा गुज्जर के चचेरे भाई थे। वह दलेलनगर में सड़क किनारे पान मसाला की गुमटी रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक चार भाई थे। इनमें एक भाई कल्लू की भी पिछले वर्ष एक हादसे में मौत हो गई थी। अभी परिवार शोक से उबर नहीं पाया था कि सोमवार को एक और पुत्र ने परिवार का साथ छोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बहुजन समाज पार्टी के कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी जीतेंद्र संखवार,जिला पंचायत सदस्य संजय सचान समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

### प्रधान पावनी मिश्रा प्रदेश सचिव बनीं

**रसूलाबाद।** ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन उत्तर प्रदेश ने खेड़ा कुर्सी की ग्राम प्रधान पावनी मिश्रा को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है। उनको इस पद पर मनोनीत किए जाने पर क्षेत्रीय प्रधानो सहित अनेक लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव ने उन्हें बधाई देते हुए उनसे आशा की है कि उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक अनुभव से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके उज्ज्वल भविष्य व कार्यकाल की कामना की है।

### आंधी से टूटकर रोड़ पर गिरी पेड़ की डाल

**शिवली।** मंगलवार की सुबह आई तेज आंधी से शिवली कल्याणपुर रोड पर झम्मानिवादा गांव के जामुन पेड़ की मोटी डाल टूटकर गिर गई। जिससे रोड पर आने जाने वाले वाहनों को कई घंटे परेशानी का सामना करना पड़ा।

## किशरवल रोड तिराहे पर हुआ हादसा, तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी टक्कर

# पत्नी की दवा लेने निकले युवक की हादसे में मौत

- हादसे में बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल
- रूरा क्षेत्र के अलियापुर गांव का रहने वाला था युवक

संवाददाता, रनियां



अजय उर्फ राजू।



हादसे में पति की मौत के बाद रोती-बिलखती पत्नी उमा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कानपुर-सिकंदरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। घटना में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

रूरा थाना क्षेत्र के अलियापुर गांव निवासी अजय उर्फ राजू शर्मा उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र उदय नारायण मंगलवार को अपनी बीमार पत्नी उमा को डाक्टर को दिखाने रनिया आया था। किशरवल रोड तिराहे के पास अजय पैदल सड़क पार कर रहा था कि तभी रायपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाईक सवार युवक ने उसे टक्कर मार दी। इससे अजय को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया गया कि अजय खेती-बाड़ी करता था। बाइक सवार युवक आशीष कुमार पुत्र राजेश गौतम निवासी पचगवां रनियां भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

आस-पास के लोगों ने उसे उपचार के लिए नजदीकी एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे एस ओ रनियां दिनेश कुमार गौतम ने एंबुलेंस से शव को पीएम के लिए भिजवाया।

पति की मौत पर पत्नी उमा का रो रोकर बुरा हाल था वहीं बच्चे विमल व स्वाती भी पिता के शव से लिपट कर बिलख उठे। इस संबंन्ध में एसओ ने बताया कि हादसे में अजय की मौत हो गई ह। बाइक सवार युवक घायल है। उसकी हालत गंभीर है। इलाज कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से गेटमैन की मौत

**कानपुर देहात।** पतरा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार देर रात ट्रेन की चपेट में आकर गेटमैन की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा ट्रैक के खंभा नंबर 1057/16.18 के बीच हुआ। मृतक की पहचान रूरा थाना क्षेत्र के मुलियापुर सिठमरा निवासी अतुल यादव (27) के रूप में हुई। बताया गया कि वह कठारा पावर हाउस पर गेटमैन के तौर पर कार्यरत थे। उनके परिवार में माता पिता और तीन भाई हैं। सोमवार की रात वह ड्यूटी पर थे।इस दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि अतुल के शरीर के कई टुकड़े हो गए और मांस के लोथड़े करीब तीन मीटर दूरी तक फैल गए। स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना रूरा पुलिस को दी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# कॉलेज पहुंचे कन्हैया-कशिश को मिली गुरुजनों की शाबासी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- विधानसभा में सारगर्भित उद्बोधन कर किया था जिले का नाम रोशन
- कॉलेज में शिक्षकों ने पहनाई माला, मुंह मीठा कराया गया



कॉलेज में प्राचार्य और शिक्षकों ने छात्र-छात्रा का सम्मान किया। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी विधान सभा में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में शानदार स्पीच देने वाले ग्रेजुएशन स्टूडेंट कन्हैया गुप्ता और कशिश कुशवाहा के सम्मान का सिलसिला जारी है। कन्हैया और कशिश पुखरायां के आरएसजीयू डिग्री कॉलेज में अध्ययन रत हैं। मंगलवार को कॉलेज में उनका सम्मान किया गया है। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माला पहनाई और मुंह मीठा कराया। बाकी छात्र-छात्राओं को कन्हैया-कशिश से सीखने को कहा।

पुखरायां कस्बे स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र कन्हैया और छात्रा कशिश कुशवाहा ने विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। भरपूर आत्मविश्वास के साथ उन्होंने अपनी उद्बोधन प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में दिए गए उनके भाषण ने वहां मौजूद सभी लोगों को प्रभावित किया। दोनों छात्रों ने अपने विचारों में राष्ट्रहित, विकास और युवाओं की भूमिका को बेहद तार्किक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। विधानसभा से लौटने के बाद मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में कन्हैया और कशिश कुशवाहा का जोरदार स्वागत किया गया।

मंत्री-प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी, प्राचार्य प्रोफेसर हरीश कुमार सिंह और अन्य शिक्षकों ने दोनों छात्रों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ पर्वत सिंह, डॉ रमणीक श्रीवास्तव, डॉ निधि अग्रवाल और संजय सिंह सहित पूरा महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा। कन्हैया-कशिश ने बताया कि कॉलेज परिवार की प्रेरणा और गुरूजनों के मार्ग दर्शन से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिला। प्राचार्य हरीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हमें इन पर गर्व है। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# समस्याओं और मांगों को एडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत चुनाव समय पर करवाने, संभव न होने पर प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने, विकास कार्यों का भुगतान करवाने जैसी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को दिया।

जिलाध्यक्ष अरविंद दीक्षित के नेतृत्व में प्रधानों ने लंबित भुगतान 15 दिनों के अंदर करवाने की मांग की गई। यहां अर्जुन सिंह प्रधान महेरा, अनिल राठौर सिसाही, कमल नारायण मिश्रा, लालमन दिवाकर अटिया रायपुर,जैल सिंह राठौर इटैली, सुनील यादव पहाड़ीपुर, मुन्ना राठौर अंगदपुर, अजययादव नारखुर्द, नरसिंह कसमड़ा, लालमन दिवाकर अटिया रायपुर, जयवीर सिंह कहिंजरी खुर्द ,श्री चंद पूरन परवा, ओम राजपूत लाल गांव, महेंद्र सिठउमताना, मनोज तिवारी बिरहुन , कमलनारायण मिश्रा खेड़ा कुर्सी, प्रवीण सिंह गौर दया, प्रदीप कुमार दशहरा, विवेक यादव सुजानपुर आदि प्रधान मौजूद रहे।

# जल्लापुर में टीम ने जांची सेहत

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार IMPACT**

**अमृत विचारः** विकास खंड क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा पंचायत में चार माह से चौपट सफाई व्यवस्था गांव में गंदगी से बजबजाती नालियां और गांव के खड़ंजों में भरा गंदा जलभराव से फैली संक्रामक बीमारी की चपेट में आने से ग्रामीण भयभीत थे। ग्रामीणों की इस समस्या को आपके अपने अखबार अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। खबर का संज्ञान लेने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर कैंप लगाया और ग्रामीणों का चेकअप किया। जरूरत मंद लोगों को दवाएं वितरण की गई। जल्लापुर सिकंदरा गांव में चार माह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं। बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना हराम किए हैं। बस्ती के खड़ंजों में भरा गन्दा जलभराव से मच्छरों की भरमार और बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध से गांव में संक्रामिक बीमारी फैल गई। बुखार मलेरिया टायफाइड खांसी जुकाम एक दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार पड़े थे। ग्रामीणों की समस्या को आपके अपने अखबार दैनिक अमृत विचार ने प्रमुखता से लिखा।

खबर प्रकाशित होते ही स्वास्थ विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर कैम्प लगाकर बीमार पड़े ग्रामीणों का चेकअप कर दवाएं वितरण की। डॉ आशीष मिश्रा ने ग्रामीणों को बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि खाना खाने से पहले अच्छी तरह से हाथ धोएं। मच्छरदानी का प्रयोग करें। बासी खाना ना खाएं आदि जानकारी दी गई। स्वास्थ्य टीम ने बुखार से पीड़ित 18 मरीजों का चेकअप कर दवा दी। खांसी-जुकाम के मरीजों को दवाएं बांटीं।

# रूरा नहर पर पुल के लिए कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस सेवा दल ने रूरा स्टेशन के कमला नगर और बैजू पुरवा के बीच नहर पर पुल बनवाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

पीसीसी सदस्य दिलीप कुमार सिंह मुन्ना ने बताया कि पुल न होने से आसपास के गांवों के लोगों छात्रों को कई किमी चक्कर लगाना पड़ता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पुल बनने के बाद एक दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों को सहूलियत होगी। अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्यकर्ताओं ने प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला (वीरे), अनिल कुमार गुप्ता, चरण सिंह यादव, रघुनाथ सिंह भदौरिया, प्रदीप कुमार पालीवाल,देवी रमन मिश्रा, विवेक कुमार पांडे,राघव शुक्ला, सरदार गुरमीत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, आलोक मिश्रा, रमेश यादव, राजू गुप्ता, बृजेश सविता, जगदीश सिंह गौर, कल्लू यादव आदि उपस्थित रहे।

### बारात में कार चालक के साथ हुई मारपीट

**कानपुर देहात।** बरौर में बारात लेकर आए कार चालक के साथ किसी बात को लेकर दूल्हे पक्ष ने गालीगलौज और मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवादा निवासी प्रदीप कुमार ने बरौर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार शाम वह अपनी गाड़ी की बुकिंग के वास्ते सट्टी थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव से शकुनी कश्यप के भाई की बारात लेकर बरौर कस्बा आए थे। मंगलवार सुबह गाड़ी में सवारी बैठाने को लेकर बारातियों से विवाद हो गया। इस दौरान दूल्हे के भाई शकुनी, मामा रंजीत व तीन अज्ञात लोग उसके साथ जातिसूचक शब्द व गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ लात घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

**खुशी के पल** | जनपद के 1754 शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये की जगह अब मिलेगा 18 हजार मानदेय, मानदेय वृद्धि को लेकर ईको पार्क में शिक्षामित्र सम्मान समारोह

# मानदेय बढ़ने के साथ कैशलेस सुविधा के भी हकदार होंगे शिक्षामित्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने शिक्षामित्रों को सौंपी प्रतीकात्मक चेक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी हो गई है। जिले के साढ़े 17 सौ से अधिक शिक्षा मित्रों को दस हजार की जगह अब 18 हजार रूपए महीने का मानदेय मिलेगा। मंगलवार को माती के ईको पार्क में शिक्षामित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित जिले के आला अधिकारी, शिक्षक और शिक्षामित्र भी रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मंत्री ने विभागीय स्टालों का अवलोकन कर शिक्षामित्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि जनपद के 1754 शिक्षामित्रों को मानदेय वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व में शिक्षामित्रों का मानदेय दस हजार किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 18 हजार रुपये किया गया है। साथ ही शिक्षामित्रों को कैशलेस सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के प्रभाव से विद्यालयों में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के विद्यालयों में 19 पैरामीटर पर कायाकल्प कार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत जनपद कानपुर देहात के लगभग 98 प्रतिशत विद्यालयों का कायाकल्प पूर्ण हो चुका है। उन्होंने शिक्षामित्रों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक रसूलाबाद पूनम संखवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो सरकार की संवेदनशीलता एवं शिक्षामित्रों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षामित्रों से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की अपील की। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन द्वारा बढ़ाए गए मानदेय का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा तथा शिक्षामित्रों को अन्य अनुमन्य लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने शिक्षामित्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह शासन के निर्देशों एवं मार्गदर्शन के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# हरियाणा गई पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, 5 लोगों की मौत

## अपहृत की बरामदगी के लिए जा रही थी मंडी चौकी की पुलिस टीम

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** अपहृत युवक की बरामदगी के लिए हरियाणा जा रही पुलिस टीम की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में चार पुलिस कर्मियों और मुकदमे के वादी की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी जैसे ही जिला मुख्यालय पहुंची, पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

नगर के पटेल नगर निवासी अमरीक सिंह ने सोमवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके भाई बिजेंद्र सिंह का फार्म हाउस से चार लोगों ने सुबह छह बजे सोते समय अपहरण कर लिया और कार से ले गए। अपहर्ता दोनों के मोबाइल फोन भी ले गए। उस वक्त वह भी नलकूप की कोठी पर सो रहे थे। बिजेंद्र सिंह की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में मंडी चौकी इंचार्ज मोहित यादव, उप निरीक्षक सत्यभान, सर्विलांस सिपाही प्रदीप कुमार, आरक्षी अशोक कुमार शामिल थे। टीम के साथ वादी अमरीक सिंह भी जा रहे थे। बताते हैं कि रास्ते में ओवरटेक करते समय कार अचानक अनियंत्रित हो गई और दूसरे वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। तेज रफ्तार के कारण टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो कार के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि उरई कोतवाली में पंजीकृत अभियोग संख्या 256/26 में अपहृत की बरामदगी के लिए टीम रवाना हुई थी। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे हुए इस हादसे में चार पुलिस कर्मियों और वादी की मौत हो गई है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के नूंह जिले के पुलिस अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस हादसे के बाद जनपद पुलिस में शोक की लहर है।


हादसे में कार के परखचे उड़ गए। अमृत विचार

- रास्ते में ओवरटेक करते समय हुआ भीषण हादसा
- मरने वालों में चार पुलिसकर्मी और वादी शामिल
- कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ
- हरियाणा के नूंह जिले की पुलिस के सम्पर्क में अधिकारी

## मार्ग दुर्घटना में दरोगा की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता सौरिख, कन्नौज


मोहित यादव। अमृत विचार


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरियाणा में सड़क हादसे में दरोगा की मौत हो गई। इस की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

सौरिख थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर उम्मेद निवासी मोहित यादव (34) पुत्र उदयवीर सिंह यादव वर्तमान में जालौन जिले में मंडी चौकी इंचार्ज के पद पर तैनात थे। वह सोमवार को एक मुल्जिम को दबिश देकर हरियाणा से वापस आ रहे थे। मंगलवार को लौटते समय रास्ते में कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें उपनिरीक्षक मोहित यादव व अन्य साथियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना जैसे ही गांव आदमपुर उम्मेद पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मां रेशमा देवी व पत्नी नेहा यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के घर पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और हर आंख नम दिखी। गांव में मौजूद ताऊ गजेंद्र सिंह ने बताया मोहित यादव को वर्ष 2018 में मृत आश्रित के आधार पर नौकरी मिली थी। उनके पिता उदयवीर सिंह यादव भी पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक थे। उनकी वर्ष 2013 में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उस समय वह शिकोहाबाद के थाना क्षेत्र में तैनात थे। विभागीय कार्य से जाते समय हादसे का शिकार हुए थे। मोहित यादव दो भाइयों में सबसे बड़े थे। छोटा भाई रोहित यादव गांव में रहकर खेती-बाड़ी करता है। मृतक का परिवार छिबरामऊ के राधा कॉलोनी में मकान बनाकर पत्नी व बच्चें रह रहे थे। मृतक के दो बेटे हैं। इस में बड़ा आयुष (6 वर्ष) और दूसरा दो माह का मासूम है। एक ही परिवार में पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत से गांव में गहरा शोक व्याप्त है। मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा हुआ है। पूरे गांव में मातम व सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजन शव आने का इंतजार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मामूली विवाद में युवक पर ईंट-पत्थर से हमला

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के चिरंजीव गांव में मामूली विवाद में पांच लोगों ने मिलकर एक युवक को ईंट-पत्थरों से वारकर घायल कर दिया। गांव निवासी अंकित राठौर ने बताया कि 1 मई को 8 बजे रात को गांव निवासी बल्लू, प्रांशू, साहिल सहित दो अज्ञात लोगों ने एक राय होकर रास्ते में रोककर गाली-गलौच की। विरोध करने पर सभी लोगों ने प्रार्थी के सिर पर ईंट व गुम्मों से पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के बाद जांच पड़ताल करके मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### युवक के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के नसेनिया टिकरा निवासी विकास जोशी (21) के खिलाफ लूट मारपीट और चोरी के अलावा कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। बिठूर पुलिस ने युवक के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की। टिकरा चौकी इंचार्ज जयदीप ने मंगलवार को विकास जोशी को ढोल से मुनादी कराते हुए कानपुर देहात की सीमा में ले जाकर छोड़ा।

### तमंचे-कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**बिठूर।** मंधना चौकी इंचार्ज सौरभ प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार देर रात चौबेपुर के बूढ़नपुर निवासी श्याम गौतम को वनखंडेश्वर मंदिर रोड पर चेकिंग कर रोका। चेकिंग के दौरान युवक के पास 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। बिठूर पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी कालीचरण पुत्र तिजवा साहू कस्बे के बस स्टॉप के पास अपने ठेला लगाकर गन्ने का जूस बेचता है। बाइक से बर्फ लेने के लिए दुकान जा रहा था। तभी बांधुर तिराहा के पास सामने से आ रहे डंपर चालक के बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क में गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसको सड़क में पड़े देखकर पड़ोसी दुकानदार आ गए और डंपर चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

### सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर घायल

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के घटकना निवासी शिरोमणि (35) पुत्र रामकिशन अपनी पत्नी रोशनी (27) व दो वर्षीय मासूम बेटे ऋषि को बाइक में लेकर सोमवार की शाम अपने गांव जा रहा था। तभी कपसा मार्ग पर ग्राम भैंस्ता के निकट संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गहने लौटाने के बजाय धमका रहा ज्वैलर्स

**सुमेरपुर।** पचखुरा बुजुर्ग निवासी उदय नारायण अनुरागी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दो मई 2019 को उसने कस्बे के एक ज्वेलर्स के यहां 19 ग्राम की सोने की चेन व साढ़े दस ग्राम वजन की सोने की अंगूठी गिरवी रखी थी और ज्वेलर्स से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। एक साल तक वह ब्याज देता रहा। उसकी आर्थिक स्थिति खराब होने पर वह परिवार व बच्चों को लेकर सूरत चला गया। चार वर्ष बाद ज्वेलर्स से गिरवी रखे सामान को वापस मांगा तो वह धमकी दे रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर बर्तन व सामान चोरी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के बिरोहा गांव में सोमवार रात प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ चोर रसोई के बर्तन व कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज उठा ले गए। सुबह मामले की जानकारी पर प्रधानाध्यापिका ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू की है।

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिरोहा की प्रधानाध्यापिका सुषमा त्रिवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि सोमवार रात विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़ अंदर घुसे चोरों ने कार्यालय व रसोई घर के ताले तोड़ दिए।रसोई में रखे खाना बनाने के बर्तन व बच्चों की थाली आदि पार करने के साथ अलमारी में रखें महत्वपूर्ण दस्तावेज भी उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


घटना के बारे में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

## शादी में गया परिवार, चोरों ने लाखों का माल किया पार

संवाददाता, घाटमपुर

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की

**अमृत विचार।** घाटमपुर में दिन दहाड़े बंद घर का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवरात समेत नकदी चोरी कर ले गए। परिवार मजह चार घंटे के लिए ताला लगाकर रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर दक्षिणी निवासी नन्द किशोर सचान ने बताया कि घर पर उनकी पत्नी उमाकांती और बेटा आलोक सचान बहू श्वेता रहती है। उनके बेटे के दोस्त के यहां मुंडन था, जिसमें शामिल होने के लिए बेटे बहू दो दिन पहले दिल्ली चले गए थे। उन्होंने बताया कि उनके मामा के यहां पर लड़के की शादी में उन्हें जाना था, जिसमें जाने के लिए वह मंगलवार सुबह लगभग दस बजे घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी उमाकांती के साथ कबरई गए थे, दोपहर में उनका नाती अक्षत स्कूल से वापस लौटा तो नाना के घर का ताला टूटा देखा तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसियों की भीड़ जुट गई। पड़ोसियों ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है।

चोर घर पर मेन गेट का ताला तोड़कर दाखिल हुए, इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने के साथ घटना का जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।

मामले में घाटमपुर इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि परिजनों ने चोरी होने की सूचना दी थी, घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## झील में अतिक्रमण की शिकायत पर पहुंचे अधिकारी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव हथेही स्थित 13 हेक्टेयर झील में ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण करके खेती की जा रही थी। शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों से उसके विषय में जानकारी की तथा साथ में आए लेखपाल को अतिक्रमण की गई जमीन को खाली कर के 13 हेक्टेयर झील में सीमेंट खंबे गढ़वाकर झील को खुदवाने तथा ग्रामीणों से श्रमदान करने की बात कही।

झील से कच्चा रास्ता बनवाने का भी आश्वासन दिया है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ने लेखपाल विकास सचान सहित ग्रामीणों में गजेंद्र अवस्थी शिवपाल यादव, शिव बालक पाल, कुंवर पाल,पप्पू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, कोटेदार योगेंद्र तिवारी सहित सैकड़ो ग्रामीण इस कार्य के लिए उपस्थित रहे। वर्षा और वाटर लेवल कम होने के कारण झील में पानी नहीं रुकता क्योंकि बरसों से उसका कोई सुंदरीकरण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आज के 10 वर्ष पहले इस झील में साइबेरियन पक्षी भी रहा करते थे अब नहीं रहते। उप जिलाधिकारी द्वारा नाप करवा कर झील बनवाने का आश्वासन दिया गया।


झील का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

## शराब के लिए पैसे न देने पर दबंग ने दुकानदार को पीटा

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के मक्कापुरवा गांव में एक फुटकर गल्ले के दुकानदार को शराब के लिए पैसे न देना भारी पड़ गया। गांव निवासी रमेशचन्द्र कटियार ने थाने में दी। शिवराजपुर सखरेज मार्ग पर फुटकर गल्ले की दुकान है मंगलवार को वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी गांव के दबंग कप्तान शराब पीने हेतु पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर मारपीट की। तभी गांव के गोरेलाल के आ जाने पर गोली मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शपथ ग्रहण समारोह

नगर पालिका परिषद बिल्हौर के सभागार में हुआ आयोजन

## पालिका के पांच मनोनीत सभासदों ने ली शपथ

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बिल्हौर के सभागार में मंगलवार को शासन द्वारा नामित किए गए पांच मनोनीत सभासदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मिश्रिख सांसद अशोक रावत की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शासन की मंशा और विकास कार्यों को गति देने के लिए जिन पांच सदस्यों को मनोनीत किया उनमें अनुज अवस्थी, ओम रामनारायण गुप्ता,विपि प्रजापति, ओमी कुशवाहा, सुनीता कटियार रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक स्वागत के साथ हुई। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी पांचों मनोनीत सभासदों को बारी-बारी से शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात सांसद अशोक रावत ने सभी सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि मनोनीत सदस्यों के आने से नगर के विकास कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य राजनीति से ऊपर उठकर जनहित के कार्यों में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रशासन और सत्ता पक्ष के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से जयप्रकाश कटियार भाजपा जिला महामंत्री,गुड्डू सिंह सांसद प्रतिनिधि,इखलाख खान नगर पालिका अध्यक्ष,अंजनी मिश्रा अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख खान ने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और आश्वस्त किया कि बोर्ड के सभी सदस्य मिलकर बिल्हौर को एक आदर्श नगर पालिका बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समारोह के अंत में अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। शासन द्वारा इन मनोनयन के बाद अब नगर पालिका बोर्ड की सक्रियता और अधिक बढ़ने की संभावना है, जिससे लंबित विकास कार्यों को रफ्तार मिल सकेगी।



शपथ लेते मनोनीत सभासद। अमृत विचार

## हवा के झोंके में गिरा गेट का खंभा, उखड़े टाइल्स

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की गल्ला मंडी के पास स्थित स्वामी ब्रह्मानंद के नाम पर बने प्रवेश द्वार के निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है। स्वामी ब्रह्मानंद प्रवेश द्वार के बनने के दो वर्ष के बाद ही प्रवेश द्वार का खंभा हवा के झोंके में गिरकर टूट गया। तथा वहीं पर लगी टाइल्स पत्थर भी उखड़ गई। वहीं बताया जाता है कि जिस समय हवा के झोंके से प्रवेश द्वार का खंभा टूट कर गिरा इस समय लघुशंका कर रहा एक व्यक्ति गिरे हुए खंभे की चपेट में आने से बाल बाल बच गया।

बता दें कि स्वामी ब्रह्मानंद प्रवेश द्वार का निर्माण लगभग 49 लाख रुपये की लागत से कुछ माह पहले कराया गया था। यदि गंभीरता से विचार किया जाए तो यह पैसा आम जनता का ही है। जो कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यय हुआ है। लेकिन ईमानदार महापुरुष के नाम पर बनाए गए प्रवेश द्वार में ही की गई धांधली से लोग आश्चर्यचकित है। स्वामी ब्रह्मानंद द्वार के खंभे के गिरने की चर्चा चारों ओर चल रही है। इस संबंध में लोग तरह की प्रतिक्रियाएं भी व्यक्त कर रहे हैं। कुछ लोग इसमें ठेकेदार की गलती मानते हुए उसे दोष दे रहे हैं तो कुछ लोग जनप्रतिनिधियों पर भी आरोप मढ़ रहे हैं। तो वहीं कुछ लोगों का कहना है कि कमीशन खोरी के चलते घटिया निर्माण कर कराया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांकः 146 / न0 पा0 प0 राठ / म्यु0सू0 /2026-27/ दिनांकः 04.05.2026

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल लुधियातपुरा-1 वार्ड-6 राठ में स्थित गृह सं0 105 में श्रीमती लाडकुंवर पत्नी स्व0 बाबूराम साहू व श्रीमती सन्तोषी स्व0 बाबूराम साहू का नाम अंकित है। प्रार्थिया श्रीमती अभिलाषा पत्नी नृपत साहू ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन / प्लाट के श्रीमती लाडकुंवर पत्नी स्व0 बाबूराम साहू के हिस्से का सम्पूर्ण भाग रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 18.07.2025 को क्रय कर लिया है। प्रार्थिया द्वारा उक्त भवन के क्रय किये गये भाग पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल मुहाल लुधियातपुरा-1 वार्ड-6 राठ में स्थित गृह सं0 105 में श्रीमती लाडकुवंर पत्नी स्व0 बाबूराम साहू व श्रीमती सन्तोषी स्व0 बाबूराम साहू के नामों में से लाडकुवंर पत्नी स्व0 बाबूराम साहू का नाम निरस्त कर उक्त भवन के जुज भाग पर बट्टे में करके श्रीमती अभिलाषा पत्नी नृपत साहू का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **सुशीला देवी पत्नी कमलेश निवासी मढ़िया पोस्ट पुरथियावा हसन गंज उन्नाव** आधार पर है व राम पती पत्नी कमलेश बीमा पॉलिसी नंबर 223307987अंकित है दोनों नाम मेरे है दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूँ।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तबस्सुम के नाम से जानी जाती थी निवासी अदल सराय कालपी जनपद जालौन वर्तमान में मैं **तबस्सुम खान पुत्री वसीम खान व पत्नी साबिर खान निवासी मकान नंबर -02 अदलसराय कालपी जनपद जालौन** की रहने वाली हूँ

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from SAYYADUN NISHA to SAIYYADUN NISHA. In the future, I shall be known and recognized by the SAIYYADUN NISHA. SAIYYADUN NISHA W/O SAMSHAD KHAN Address: H.No.-207, HALEEM NAGAR, POST-SHUJAGANJ, PS-RUDAULI, AYODHYA, UP. Pin-224121. Note: OLD NAME : SAYYADUN NISHA NEW/CHANGED NAME: SAIYYADUN NISHA

**सूचना**
मैने अपना नाम ALI AKBAR से बदलकर AKBAR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ALI HASAN ADD-RASOOLPUR KALA POST-ALIABAD, DIST-BARABANKI-225401(U.P.)

**सूचना**
मेरे पुत्र की पालिसी संख्या 214637340 में त्रुटिवश उसका नाम गोलू जायसवाल अंकित है। उसका सही नाम ऋषभ जायसवाल है। **ऋषभ जायसवाल पुत्र दिनेश जायसवाल निवासी LD-4/D ढेड़ी पुलिया आलमबाग लखनऊ।**

**सूचना**
मैं इसरार पुत्र शफीक अहमद ग्राम पूरे जालिम सिंह मजरे व पो. रोखा थाना डीह, तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 236703816 है। पालिसी में मेरा और पिता का नाम स्टार अहमद पुत्र स्व. मो. शकील (ESTAR AHMAD S/O LATE MOHD-SHAKIL ) अंकित है। आधार और बैंक खाता इसरार पुत्र शफीक अहमद (ISRAR S/O SHAFEEK AHMAD) दर्ज है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**
प्रार्थी के पासपोर्ट मे उसके नाम की वर्तनी व मकान न0 गलत दर्ज हो गया है जबकि सही वर्तनी MOHD GULREZ SAIFI और पता 212/20 पुरी टोला सुभाष मार्ग है। इसे दुरस्त करने का कष्ट करें। MOHD GULREZ SAIFI 212/20 PURI TOLA SUBHASH MARG CHOWK LUCKNOW

**सूचना**
मैं **रामसनेही पुत्र जगदीश प्रसाद ग्राम मोहम्मदपुर कुचरिया तहसील सदर, ब्लाक राही, जनपद रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पूर्व में नाम छंगूलाल पुत्र जगदीश प्रसाद था, जो मेरे अंकपत्र में दर्ज है। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 214982376 है। इसमें वर्तमान नाम रामसनेही पुत्र जगदीश प्रसाद अंकित किया जाना है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**
मैंने अपना नाम IRSHAD MOHAMMAD QURAISHI से बदल कर IRSHAD MOHD QURAISHI कर लिया है। भविष्य में मुझे IRSHAD MOHD QURAISHI नाम से जाना व पहचाना जाए। **इरशाद मो कुरैशी पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी 510/17, खाली सहाट, हेड पोस्ट आफिस, रायबरेली**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 4061652 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद अखलाक शेख पुत्र मोहम्मद अयाज निवासी- ग्राम-महिली जुम्मनडीह पोस्ट- पेहर बलरामपुर**

**सूचना**
**उत्कर्ष गुप्ता उर्फ राजा गुप्ता पुत्र अरुण कुमार गुप्ता निवासी 222 सर्वोदय नगर स्टेशन मोड़ लालगंज रायबरेली** मेरी एलआइसी की पालिसी संख्या 215571036 में मेरे बचपन का नाम राजा गुप्ता दर्ज है जबकि मेरे समस्त प्रपत्र (अभिलेख) उत्कर्ष गुप्ता के नाम से है। मैं उत्कर्ष गुप्ता और राजा गुप्ता दोनो नाम से जाना जाता है।

**सूचना**
पहले मेरा नाम SHAGUFTA YASMIN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAGUFTA YASMEEN रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHAGUFTA YASMEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये । W/O-JAVED AHMAD ANSARI R/O-523, SHEKH SARAY NEAR PANI KI TANKI, SITAPUR

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Brij Nath पत्नी का नाम उषा, पिता का नाम जगदीश प्रसाद अंकित हो गया है, जो गलत है। मेरे सर्विस रिकार्ड व आधार कार्ड में Braj Nath (ब्रजनाथ) पत्नी का नाम उषा त्रिपाठी पिता का नाम जगदीश प्रसाद तिवारी दर्ज है। मुझे व पत्नी को इसी नाम से जाना जाए। **ब्रजनाथ पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी मकान नंबर** 2/13/68A, **शिवकालोनी, बंदेअली छावनी, अयोध्या।**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **संगोष्ठी :** डीबीएस कालेज गोविंद नगर में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई पहल कैशलेश चिकित्सा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रात : 11 बजे।
- **कार्यसमिति की बैठक :** भाजपा कानपुर उत्तर जिले की प्रथम कार्यसमिति बैठक होटल रोज विला गुमटी नबर 5 में दोपहर 3 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### पूजा शुक्ला महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष बनीं

**कानपुर।** सर्वब्राह्मण विकास परिषद की महिला समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पद पर पूजा शुक्ला को पुन : मनोनीत किया गया है। यह घोषणा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी ने की। संगठन के मुताबिक यह मनोनयन 31 दिसंबर 2027 तक प्रभावी रहेगा। साथ ही स्पष्ट किया गया कि महिला समिति सहित सभी पदाधिकारियों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ही किया जाएगा। पूजा शुक्ला के पुनर्नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

### डीबीएस कॉलेज में संगोष्ठी आज

**कानपुर।** गोविन्द नगर स्थित डीबीएस कॉलेज में बुधवार को शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई पहल कैशलेस चिकित्सा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि योगेन्द्र उपाध्याय शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय पाठक व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी में प्रदेशभर से करीब 100 प्राचार्य भाग लेंगे।

### नींद में छत से गिरे युवक की मौत

**कानपुर।** नर्वल में सोमवार देर रात बाथरूम के लिए छत से उतरते समय युवक पहली मंजिल से नीचे जा गिरा। उसकी मौत हो गई। करबिगवां निवासी 35 वर्षीय बलराम की घर पर ही परचून की दुकान है। परिवार में पत्नी माधुरी, तीन साल की बेटी है। परिजनों ने बताया कि बलराम सोमवार रात छत पर सोए थे, देर रात बाथरूम के लिए उतरते समय छत से सिर के बल नीचे जा गिरे।

### यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर वाहनों का पंजीयन करना अनिवार्य

# 296 स्कूल प्रबंधकों को नोटिस एक हफ्ते में वाहन ठीक कराएं

**सख्ती**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीओ की टेक्निकल टीम की जांच में 296 स्कूली वाहन मानक के अनुरूप नहीं मिले हैं। ऐसे स्कूल के प्रबंधकों को नोटिस देकर एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। यदि एक सप्ताह में वाहनों को दुरुस्त नहीं कराया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि आरटीओ की टेक्निकल टीम ने वाहनों की जांच की है। कानपुर नगर के 216 स्कूल प्रबंधकों को नोटिस देते हुए वाहनों की तकनीकी खामियों को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल (यूपी-आईएसवीएमपी) पर परिवहन विभाग ने विवरण ऑनलाइन कराया है। इस पोर्टल पर 5285 स्कूलों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया है और अपने कुल 1048 व्हीकल के विवरण को भी पोर्टल पर अपलोड किया है। परिवहन अधिकारियों ने प्रथम चरण में 981 स्कूली वाहनों की जांच की जिसमें 685 स्कूली वाहन मानक के अनुरूप मिले हैं जबकि 296 में कई तरह की खामियां पाई गई हैं।

**स्कूली वाहनों में ये कमियां मिलीं**

- वाहनों में अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी गेट, सीट के नीचे बैग रखने के लिए रैक नहीं था।
- वाहनों की छत में होल्डिंग राड नहीं लगी मिली।
- प्राथमिक चिकित्सा बाक्स भी कई स्कूली वाहनों में नहीं मिले।
- कई स्कूली वाहनों में चालक वर्दी में नहीं मिले।
- स्कूली वाहन के दरवाजे पर चालक का नाम, मोबाइल नंबर नहीं अंकित था।

**981** वाहनों की जांच में 685 वाहन ही ठीक मिले

**5285** स्कूलों ने पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया



**2220 ने पोर्टल पर शपथ-पत्र अपलोड नहीं किया**

- संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि परिवहन विभाग के यूपी-आईएसवीएमपी पोर्टल पर स्कूलों और उनमें बच्चों के परिवहन से जुड़े वाहनों की ऑनबोर्डिंग रजिस्ट्रेशन के लिए पहली अप्रैल से 30 दिनों के लिए अभियान चलाया गया। बच्चों के सुरक्षा को देखते हुए पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है लेकिन नगर के 5285 स्कूलों में अबतक 2220 स्कूलों ने पोर्टल पर शपथ-पत्र अपलोड नहीं कराया है। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशां खातून का कहना है कि स्कली वाहन के चालक और कंडक्टर का पुलिस वेरीफिकेशन जरूरी है। स्कूल प्रबंधन शपथ पत्र के माध्यम से वाहनों की स्थिति स्पष्ट करेगा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और परिवहन विभाग के नियमों (जैसे स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी, जीपीएस) का पालन कर रहे हैं।

## स्कूली वाहनों को घेरा, 80 चालान, 10 सीज

- प्रवर्तन की सात टीमों ने स्कूलों के आसपास घेराबंदी करके पकड़ा

**कानपुर।** बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन दल की सात टीमों ने धर-पकड़ अभियान चलाया जिसमें 80 से अधिक स्कूली वाहनों के चालान किये गये। कई वाहनों के पास फिटनेस, प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं मिले। प्रवर्तन ने 10 स्कूली वाहनों की सीज कर दिया।

मंगलवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन कहकशां खातून, एआरटीओ विंध्याचल समेत प्रवर्तन की टीमों ने पनकी, नौबस्ता, आवास विकास, यशोदा नगर, रामादेवी, जाजमऊ, कल्याणपुर, रावतपुर, मंधना, चौबेपुर, बिल्हौर के अतिरिक्त कन्नौज तक स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया।

जिसमें 38 से अधिक वाहनों के चालान किये गये जबकि 10 स्कूली वाहनों को सीज कर दिया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 10 वाहन सीज किये गये जिनमें कई वाहन ऐसे थे जिनके पास फिटनेस तो दूर, प्रदूषण प्रमाण-पत्र तक नहीं था।

## आज से बढ़ सकता पारा, 11 से फिर मौसम बदलेगा

**कानपुर।** शहर में दो दिन से सहाने मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल सकता है। बुधवार से रात और दिन के तापमान में बढ़ोतरी संभव है। मौसम विशेषज्ञों ने यह भी संभावना जताई है कि 11 मई से एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिससे शहर के मौसम में फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। शहर में मंगलवार को तेज हवाओं ने तापमान को कम किया। शहर का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 10.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

- मौसम विशेषज्ञों ने बारिश की संभावना से किया इनकार

यह भी सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। तापमान में कमी और तेज हवाओं ने मौसम सुहाना कर दिया। शहर में हवा की औसत गति 9.9 किमी प्रति घंटा रही। इसकी अधिकतम गति 29.8 किमी प्रति घंटा तक दर्ज की गई। उत्तर-पूर्व हवाओं ने शाम को और अधिक मौसम बेहतर किया। जिसके चलते परिवार संग लोग घूमने निकले।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मौसम नरम हुआ था। बुधवार को कानपुर मंडल में धूप नरम और बादलों की आवाजाही रहेगी। अब तापमान में क्रमिक बढोतरी हो सकती है। आगे आने वाले दिनों में तापमान सामान्य से कम और बाद में आसपास रहने की संभावना है।

# फंदे पर लटका मिला नीट की तैयारी कर रहा छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी में रहकर तैयारी कर रहा था, मूलरूप से वाराणसी का रहने वाला

**अमृत विचार।** पनकी में रहकर नीट की तैयारी कर रहे छात्र का शव सोमवार देर रात फंदे पर लटका मिला। गांव से लौटे बड़े भाई ने शव लटका देखकर शोर मचाया तो मकान मालिक पहुंचे। पुलिस ने शव फंदे से उतरवाकर जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। छात्र दो साल से यहां रहकर तैयारी कर रहा था। मंगलवार सुबह परिजन पनकी पहुंचे। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है।



अमित।

मूलरूप से वाराणसी के गणेशपुर बेनीपुर मिर्जामुराद निवासी रामआलम पटेल का 22 वर्षीय बेटा अमित पनकी के गणेश शंकर विद्यार्थी नगर में दो साल से रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। अमित के साथ उसका बड़ा भाई अजीत भी रहता है, जो पीएसआईटी से बीटेक फाइनल ईयर का छात्र है। परिवार में बड़े भाई अरविंद, धर्मेंद्र, संजय, सुजीत और बहन सुनीता है। सोमवार देर रात गांव से लौटे अजीत ने अमित का शव फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया। बड़े भाई अरविंद ने बताया कि रविवार को नीट का पेपर देने के बाद उसकी बहन सुनीता से बात हुई थी। उसने बताया था कि उसका पेपर काफी अच्छा हुआ है, उसका चयन हो जाएगा। जल्द ही वह गांव आएगा, लेकिन सोमवार को मिली सूचना पर परिजनों को सन्न कर दिया। अरविंद ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि मकान के भूतल पर कई दिनों से मजदूर काम कर रहे थे। शक है कि उन्होंने ही भाई को मारकर शव को फंदे पर लटकाया है। पनकी एसीपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा केंद्र का हुआ परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की ओर से शहर में होने वाली प्रवक्ता चयन की परीक्षा के लिए शहर में तीन केंद्र बनाएं गए थे। इनमें डीएवी कॉलेज, अर्मापुर पीजी कॉलेज व महिला महाविद्यालय किदवई नगर शामिल थे। अब इन परीक्षा केंद्रों में परिवर्तन हुआ है। परिवर्तन के तहत डीएवी कॉलेज के परीक्षा केंद्र की परीक्षा अब क्राइस्टचर्च कॉलेज में होगी। इसी तरह अर्मापुर पीजी कॉलेज के केंद्र को परिवर्तित कर डीबीएस कॉलेज कर दिया गया है। उधर महिला महाविद्यालय किदवई नगर केंद्र को बदलकर जागरण कॉलेज ऑफ आर्टस साइंस एंडकॉमर्स कर दिया गया है।

## कानपुर होकर चलने वाली 8 ट्रेनें निरस्त की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ पर्यटक स्थलों में घूमने एवं पारिवारिक समारोहों में शामिल होने के लिए मई और जून के महीने का पहले से ट्रेनों में आरक्षण कराकर रखते हैं लेकिन कानपुर होकर चलने वाली 8 ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 30 गाडियों का रूट बदला गया है जबकि कई गाड़ियों के रूट में कटौती की गई है। गाड़ी संख्या 22921 बांद्रा टर्मिनल-बलरामपुर 5 मई को निरस्त रहेगी जबकि 22922 बलरामपुर- बांद्रा टर्मिनल 7 मई को नहीं चलेगी। इसी प्रकार 15133 छपरा- आनंद बिहार टर्मिनल 6 मई को नहीं चलेगी जबकि 15134 आनंद बिहार टर्मिनल- छपरा 8 मई



को रद्द रहेगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 22199 ग्वालियर- बलरामपुर 8 मई एवं गाड़ी संख्या 22200 बलरामपुर- ग्वालियर 9 मई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 15029 गोरखपुर- पुणे 9 मई और गाड़ी संख्या 15030 पुणे- गोरखपुर 11 मई को नहीं चलेगी। इसी प्रकार कई और ट्रेनों के भी मार्ग बदले गए हैं जिसमें गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनल- गोंडा 16 जून से 7 जुलाई तक गोरखपुर- गोंडा के बीच निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 11056 गोंडा - लोकमान्य तिलक टर्मिनल 19 जून से लेकर 10 जुलाई तक गोंडा- गोरखपुर के बीच नहीं चलेगी।

## सिरफिरे आशिक ने युवती को पीटा-धमकाया

**कानपुर।** ग्वालटोली में एकतरफा प्यार में सिरफिरे आशिक ने युवती पर दोस्ती का दबाव बनाया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

पीड़िता के अनुसार बचपन में साथ में पढ़ने वाला मो. अमान बीते दो-तीन माह से उन पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर मारपीट की धमकी दे रहा था। आरोप है कि चार मई को आरोपी ने फोन कर युवती को मिलने के लिए बुलाया। साथ ही धमकी दी कि अगर मुझसे मिलने नहीं आई तो तुम्हारे घर से ले जाऊंगा। आरोपी से डर के कारण वह उससे मिलने परमट पेट्रोप पंप चौराहा पर पहुंची। आरोप है कि आरोपी उन पर दोस्ती और प्रेम संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा।

**काम की बात** | सेबी ने नियामकीय ढांचे में अहम बदलावों को किया प्रस्तावित

# ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म के बदलेंगे नियम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म प्रोवाइडर्स के लिए नियामकीय ढांचे में अहम बदलावों का प्रस्ताव रखा है। सेबी ने तीन बड़े संशोधनों का सुझाव दिया है, जिनका उद्देश्य बॉन्ड बाजार में कारोबार को आसान बनाना, निवेशकों के लिए विकल्प बढ़ाना और नियामकीय स्पष्टता लाना है। इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां 26 मई तक मांगी गई हैं। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म के जरिये अब विदेशी वित्तीय सेवा केंद्र के तहत विनियमित उत्पाद, टैक्स बचत वाले 54ईसी बॉन्ड और अनुपालन अधिकारी नियुक्ति संबंधी अधिक लचीला ढांचा उपलब्ध होगा।

सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म अब अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण द्वारा विनियमित उत्पाद, प्रतिभूतियां और सेवाएं भी पेश कर सकेंगे। अभी ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म केवल सेबी, रिजर्व बैंक, आईआरडीएआई और पीएफआरडीए द्वारा नियंत्रित उत्पाद ही उपलब्ध करा सकते हैं। हालांकि इसके लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), ओवरसीज इन्वेस्टमेंट नियम और लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम की शर्तों का पालन जरूरी होगा।

सेबी ने ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म को आयकर अधिनियम की धारा 54ईसी के तहत जारी टैक्स-सेविंग बॉन्ड्स उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है।

ये बॉन्ड पूंजीगत लाभ कर बचाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। वर्तमान में इन्हें प्रमुख सरकारी कंपनियां जारी करती हैं। अभी तक ऐसे बॉन्डों को सूचीबद्धता से छूट प्राप्त होने के कारण ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने को लेकर अस्पष्टता थी। सेबी ने कहा है कि ऑनलाइन प्लेटफार्म पर इन बॉन्ड्स के साथ

लॉक-इन अवधि, निवेश सीमा, गैर-हस्तांतरणीय स्थिति, कर लाभ, आवेदन राशि, पात्र जारीकर्ता जैसी जानकारियां स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होंगी।

अभी ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म्स के लिए कंपनी सेक्रेटरी को ही कम्पलायंस अफिसर नियुक्त करना अनिवार्य है। सेबी ने इसे बदलकर स्टॉक ब्रोकर्स के समान लचीला ढांचा अपनाने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत योग्य पेशेवर, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हो सकते हैं, यह जिम्मेदारी निभा सकेंगे।

**इसलिए जरूरी हैं बदलाव**

- विशेषज्ञों के अनुसार देश का बॉन्ड बाजार अभी भी खुदरा निवेशकों के लिए सीमित पहुंच वाला है। यदि ये प्रस्ताव लागू होते हैं तो खुदरा निवेशकों को अधिक बॉन्ड विकल्प मिलेंगे, टैक्स प्लानिंग आसान होगी, विदेशी डेट मार्केट तक पहुंच बढ़ेगी, ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म का दायरा विस्तृत होगा, कारोबार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा

**निवेशकों को मिलेगी शेयर ट्रेडिंग जैसी सहजता**

- यदि ये बदलाव मंजूर होते हैं तो आने वाले समय में ऑनलाइन बॉन्ड निवेश शेयर ट्रेडिंग जितना सहज हो सकता है। खासकर उन निवेशकों के लिए जो सुरक्षित रिटर्न, टैक्स बचत और पोर्टफोलियो विविधीकरण चाहते हैं, यह बड़ा अवसर साबित हो सकता है।




## सिटी ब्रीफ

### ईयरफोन लगाए युवक ट्रेन की चपेट में आया

कानपुर। हाई वैल्यूम ईयर फोन पर गाने सुनते रेलवे ट्रैक पार करते युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही मौत हो गई। सेन पश्चिम पारा के बिनगवां निवासी जियाराम यादव का 20 वर्षीय बेटा रितेश खेती-किसानी में पिता का हाथ बंटाता था। परिवार में मां बुधिलादेवी, बड़ा भाई मुकेश हैं। चाचा केवल सिंह ने बताया कि रितेश सोमवार शाम खेत जाने के लिए पैदल घर से निकला था। कान में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हुए जा रहा था। ईयर फोन की हाई वैल्यूम होने के कारण उसे ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई दी और रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की जोरदार टक्कर से दूर जा गिरा। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। चाचा के अनुसार रेलवे लाइन के दोनों तरफ उनके खेत है। इसलिए ट्रैक पार करके जाना पड़ता है। एक खेत से दूसरे खेत जाते समय हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने ट्रेन आती देख चिल्लाते हुए रितेश को आवाज दी, लेकिन ईयरफोन के कारण उसे सुनाई नहीं दिया।

### चक मार्ग से हटाया कब्जा, आवागमन सुचारू कराया

कानपुर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम खरगपुर और इमलीपुर में चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। एसडीएम सदर अनुभव सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में जांच के दौरान चक मार्ग बाधित पाए जाने पर टीम ने तत्काल कब्जा हटाकर मार्ग सुचारु कराया। ग्राम खरगपुर की आराजी संख्या 104 (रकबा 0.799 हेक्टेयर) तथा ग्राम इमलीपुर की आराजी संख्या 413 (रकबा 0.045 हेक्टेयर) चक मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत पर राजस्व टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें कब्जे की पुष्टि होने पर तत्काल अतिक्रमण हटाकर मार्ग पुनः चालू कराया गया। एसडीएम ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों और राजस्व भूमि पर कब्जे के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के बीच गोष्ठी

कानपुर। केवीके व आईआईपीआर की ओर से उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर किसान गोष्ठी हुई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर में उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय पर किसानों को जागरुक किया गया।

# जीएसवीएसएस पीजीआई में गंभीर बीमार बच्चों का भी इलाज

## बच्चों के दिल, किडनी, हड्डी, मस्तिष्क, पेट आदि रोगों के लिए खुलेंगे नए विभाग

एक्सक्लूसिव

विकास कुमार, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएसएस पीजीआई में अब गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का भी इलाज हो सकेगा, इसके लिए यहां पर 13 नए विभागों की शुरुआत की जाएगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा है। इन विभागों के खुलने से गंभीर बीमार बच्चों को लखनऊ, दिल्ली व मुंबई समेत आदि अस्पतालों की ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में कानपुर नगर के साथ ही 20 जिलों से लोग बच्चों को लेकर इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन यहां के बाल रोग विभाग में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं की कमी है। जिसकी वजह से बच्चों को सुपर स्पेशियलटी की सुविधा पूर्ण रूप से नहीं मिल पाती है। इसको देखते हुए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जीएसवीएसएस पीजीआई में बच्चों के लिए सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा शुरू करने की योजना तैयार की है, जिसके लिए कॉलेज प्रशासन ने शासन को पत्र लिख दिया है।

- मेडिकल कालेज प्रशासन ने शासन को लिखा पत्र

### ये नए विभाग खुलेंगे

- मेडिकल कालेज कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि जीएसवीएसएस पीजीआई में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, न्यूक्लियर मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जरी, हिमेटोलॉजी और रूमेटोलॉजी समेत 13 विभाग शुरू किए जाएंगे। इन विभागों के संचालन से जटिल से जटिल बीमारियों का निदान आसानी से किया जा सकेगा। शासन से अनुमति मिलते ही जल्द ही जीएसवीएसएसएस पीजीआई में विभागों के संचालन की तैयारी शुरू की जाएगी।

### कैंसर, थाइरॉइड व दिल के रोगों के लिए न्यूक्लियर मेडिसिन

- प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि न्यूक्लियर मेडिसिन (नाभिकीय औषधि) चिकित्सा विज्ञान की एक शाखा है, जिसमें बीमारियों के निदान और उपचार के लिए रेडियोधर्मी पदार्थों (रेडियो-ट्रेसर) की बहुत कम मात्रा का उपयोग किया जाएगा। यह तकनीक अंगों की संरचना के साथ उनके कार्यप्रणाली का सूक्ष्मता से अध्ययन करेगी, जिससे कैंसर की स्टेजिंग, थायराइड विकार, किडनी की कार्यक्षमता और हृदय की रक्त पंप करने की क्षमता की सटिक जांच संभव हो सकेगी।

### पीडियाट्रिक हिमेटोलॉजी और रूमेटोलॉजी का ये होगा लाभ

- पीडियाट्रिक हिमेटोलॉजी (बाल रक्त विज्ञान), बच्चों में रक्त संबंधी विकारों के निदान और उपचार पर केंद्रित होगी, जिसके माध्यम से थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया, हीमोफिलिया, प्लेटलेट संबंधी समस्याएं, रक्त का थक्का जमने, ल्यूकेमिया, लिंफोमा, अस्थि मज्जा आकांक्षा और ब्लड ट्रांसफ्यूशन का इलाज संभव हो सकेगा। वहीं, पीडियाट्रिक रूमेटोलॉजी (बाल गठिया रोग विज्ञान), बच्चों में ऑटोइम्यून और सूजन संबंधी बीमारियों का इलाज करती है, जो जोड़ों, हड्डियों और मांसपेशियों को प्रभावित करती हैं। यहां पर बच्चों की गठिया, ल्यूपस, रक्त वाहिकाओं की सूजन व फाइब्रोमायल्गिया का इलाज हो सकेगा।

## स्मार्ट मीटर पर रोक से हर्ष, योगी का किया धन्यवाद



कानपुर। स्मार्ट मीटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के प्रदेश सरकार के फैसले पर हर्ष जताते हुए वार्ड 65 के पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने मंगलवार को 'थैंक यू योगी जी' कार्यक्रम के तहत मिष्ठान वितरण किया और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्ड में लगभग 1200 स्मार्ट मीटर लगे हैं। इनसे हो रही दिक्कतों व रिचार्ज को लेकर लोग इतने परेशान थे, कि कई बार उनके कार्यालय का घेराव भी किया था। कार्यक्रम में राजीव गुप्ता, विजय वर्मा, विकास बाजपेयी, अनुज बाजपेयी, ऋतिक शर्मा, हरि बाबू यादव, महेश तिवारी, सुशील दुबे, अंकित गुप्ता, जग्गू यादव, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, उमाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। अमृत विचार

# जर्मन शेफर्ड मालिक पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विकास नगर क्षेत्र में प्रशांत के जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने बीते वर्ष बुजुर्ग मालकिन को मार डाला था। अब एक वर्ष बाद फिर शनिवार रात कुत्ते ने मृतक वृद्धा की बुजुर्ग बहू किरन पर हमला कर दिया। मंगलवार को नगर निगम की टीम प्रशांत के आवास पहुंची। नगर निगम टीम के मुताबिक पड़ोसियों ने बताया कि घायल किरन द्विवेदी सर्वोदय नगर स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती है। टीम अस्पताल पहुंची और महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि कि घर में कबाड़ में गिर गई और चोट लग गई। कुत्ते के काटने की बात निराधार है। नगर निगम, पशु कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुत्ता किसी को काटेगा तो मालिक पर कार्रवाई की जाएगी।



जर्मन शेफर्ड को पकड़ने पहुंची टीम।

# महिला को ब्लैकमेल कर मांगे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एआई से बनाया अश्लील फोटो व वीडियो, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। जाजमऊ में महिला ने आरोप लगाया है कि पति व अन्य ससुरालीजनों ने उसकी एआई से अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। वायरल करने की धमकी देकर दस लाख रुपये मांगे। आरोपी ससुरालियों ने उसे मारापीटा। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अनवरगंज निवासी महिला के अनुसार उनका विवाह नवंबर 2025 में जाजमऊ निवासी युवक से हुआ था। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से पति व ससुरालीजन दहेज में दस लाख रुपये व सोने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू किया। आरोप है कि बीती जनवरी माह में आरोपियों ने उनके जेवर भी छीन लिए। साथ ही पति समेत जेठ, देवर अन्य ने एआई से उसकी फर्जी अश्लील वीडियो व फोटो बनाई। फिर दस लाख रुपयों की मांग की। मांग पूरी न होने वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इतना ही नहीं पति ने उनसे अनैतिक कार्य करने का दबाव भी बनाया। विरोध पर बेरहमी से मारापीटा। जान से मारने की धमकी दी। जिससे आजिज आकर पीड़िता ने जाजमऊ थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

# 1600 करोड़ के अवैध लेनदेन में एक और मुकदमा दर्ज किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फल विक्रेता ने महफूज आलम उसकी पत्नी, साले व बेटे को बनाया आरोपी

अमृत विचार। 1600 करोड़ के अवैध लेनदेन के मामले में लगातार मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। फल विक्रेता की तहरीर पर पुलिस ने मास्टर माइंड महफूज आलम, उसकी पत्नी, साला व बेटे के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पीड़ितों की तहरीर लगातार आ रही है। महफूज के मोहल्ले के ही एक फल विक्रेता ने आरोप लगाया है कि उन्हें पांच लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने पीड़ित के कागजात लेकर खाता खुलवाया और उसके जरिये अवैध तरीके से लेनदेन किया। जाजमऊ के सरैया निवासी मोहम्मद आजम के अनुसार उनका फल का काम है। मोहल्ले के महफूज आलम उर्फ पप्पू छूरी ने उन्हें बैंक से पांच लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया था। इसके बाद आरोपी ने पत्नी सायरा, साले महताब और अपने बेटे फैज समेत बैंक के दो कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके दस्तावेजों का उपयोग कर आईडीबीआई बैंक में उनका खाता खुलवाया। आरोपियों ने उनसे सारे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराया। जब तीन माह बाद भी उनके खाते में लोन की रकम नहीं आई तो उन्होंने जानकारी की। इस पर बताया गया कि उनका बैंक अकाउंट ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। फिर आरोपी दूसरे बैंक से लोन का झांसा देते रहे, लेकिन कुछ समय पहले उन्हे आरोपी के अवैध लेनदेन के बारे में पता चला तो उन्हें आशंका हुई कि उसके दस्तावेजों का उपयोग कर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया है। पीड़ित के अनुसार महफूज ने जिन कागजातों पर उनसे हस्ताक्षर कराए थे, उसमें अपना मोबाइल नंबर डाला था। जिस कारण उन्हें खाते संबंधित कोई जानकारी नहीं मिली। आरोप है कि महफूज ने बैंक से जारी चेकबुक व एटीएम कार्ड अपने कब्जे में रखा था। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि महफूज के साले महताब और साले के बेटे को जेल भेजा गया है। अन्य की तलाश जारी है।

# नेपाली मंदिर, मामा तालाब ग्रीनबेल्ट में मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने जोनल स्वास्थ्य अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

अमृत विचार। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने जोन-6 के अंतर्गत मामा तालाब, ग्रीनबेल्ट, आवास विकास, गुटैया क्रासिंग मोड, मुख्य मार्ग, नेपाली मंदिर व नक्षत्र वाटिका आवास विकास का निरीक्षण किया। उनको गंदगी और ग्रीनबेल्ट में अतिक्रमण मिला, जिस पर उन्होंने जोनल स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया।

नगर आयुक्त को नेपाली मंदिर के पास और मामा तालाब से आवास विकास मोड तक नाली पूरी तरह से भरी हुई मिली। कई स्थानों पर गंदगी फैली मिली। ग्रीनबेल्ट के अंदर भी काफी गंदगी जमा मिली। इसपर उन्होंने जोनल स्वास्थ्य अधिकारी विजय शंकर शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अमित सिंह को दिया।

नेपाली मंदिर के पास ग्रीनबेल्ट पर अतिक्रमण मिलने पर जोनल अधिकारी, जोनल अभियंता व प्रभारी उद्यान को निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में तत्काल ग्रीनबेल्ट के अंदर से अतिक्रमण को हटाया जाए और भविष्य में ग्रीनबेल्ट के अंदर अतिक्रमण न हो। इसपर तत्काल अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा नमक फैक्ट्री चौराहे के पास डबल पुलिया की ओर नगर आयुक्त को काफी मात्रा में सीएंडडी वेस्ट मिला।

# बाबूपुरवा कॉलोनी में नलों से काला पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वार्ड 80 की पार्षद परेशान, कोई अधिकारी नहीं सुन रहा

अमृत विचार। बाबूपुरवा कॉलोनी में पिछले 10 दिनों से नलों से काला पीला और कीचड़युक्त पानी आ रहा है जिससे हजारों लोग परेशान हैं। क्षेत्रीय पार्षद पर लोगों का गुस्सा उतर रहा है लेकिन पार्षद ने हाथ खड़े कर दिये हैं। पार्षद का कहना है कि कोई अधिकारी नहीं सुन रहा है।

क्षेत्रीय पार्षद मधु आलोक यादव का कहना है कि बाबूपुरवा कॉलोनी वार्ड नंबर 80 में लगातार 10 दिनों से गंदे पानी के कारण क्षेत्रीय जनता परेशान है। गेट नंबर 6 चौराहा के पास ट्यूबवेल है, वहीं से पानी की आपूर्ति दी जाती है, गेट नंबर 6 से किदवई नगर चौराहा तक लोग परेशान हैं, इसी प्रकार 10 दुकान के आसपास नलों से काला बदबूदार पानी आ रहा है। पार्षद पति आलोक यादव का कहना है कि जलकल महाप्रबंधक, जोन 3 के अधिशासी अभियंता समेत कई जिम्मेदार अधिकारियों से भी शिकायत की गई लेकिन कोई अधिकारी समस्या दूर करना तो दूर बात सुनने को भी तैयार नहीं है। हर बार अधिकारी यही कह कर टाल देते हैं कि जल्दी समस्या का निदान करा देंगे।

### क्या बोले पीड़ित लोग



- नलों से आने वाले काले पानी को घंटों फेंकते हैं लेकिन उसके बाद भी पानी साफ नहीं हो रहा है जिससे लोग पानी की तरस रहे हैं। - दीपक



- सिल्वर लाइन की सफाई कभी नहीं होती है, क्षेत्रीय लोग ज्यादा हो हल्ला करते हैं तो सफाई कर दी जाती है। -गगन त्रिवेदी



- नलों का पानी पीना तो दूर, बर्तन धोने लायक भी नहीं है, नल का पानी घर में प्रयोग नहीं करते। - नितेश



- पेयजल की पाइप लाइन कहीं न कहीं सीवर लाइन से मिल गयी है जिससे ये दिक्कत है। -नीरज मिश्रा

# स्कॉर्पियो में चल रहा सट्टा, पांच सटोरिये दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पश्चिम यूपी के जिलों में आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले जीजा-साले समेत पांच सटोरियों को फजलगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उस समय दबोचे गए जब दादानगर स्थित कंटेनर यार्ड में काले रंग की स्कॉर्पियो में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहे थे।

फजलगंज पुलिस को सोमवार रात दादानगर कंटेनर यार्ड में एक स्कॉर्पियों में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलवाने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी सेंट्रल डॉ. अर्चना सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आजादनगर निवासी अभिषेक जैन, मेरठ के सेक्टर-एक माधवपुरम निवासी सौरभ गुप्ता, मेरठ के चाणक्यपुरी निवासी अभिषेक मित्तल, मेरठ के दालमंडी पत्ता निवासी अनन्य वत्स व मेरठ के ही सनराइज एनक्लेव रुढ़की रोड निवासी शुभम विजय बताया। एडीसीपी ने बताया कि अभिषेक जैन एमकाम करने के बाद लोहे का कारोबारी है। उसका साला सौरभ गुप्ता मेडिकल स्टोर संचालित करता है। एमबीए पास अभिषेक मित्तल टायर ट्यूब का थोक कारोबारी है, जबकि अनन्य वत्स डीएलएड की पढ़ाई कर रहा है। पकड़ा गया आरोपी शुभम विजय डिजिटल मार्केटिंग का काम करता है। आरोपी मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली समेत अन्य जिलो में घूम-घूमकर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हैं। अभिषेक जैन ने सभी को कानपुर में सट्टा खिलवाने के लिए बुलाया था। आरोपियों के पास से जी गामा एक्सचेंज नामक मास्टर आईडी मिली है।एक रजिस्टर भी मिला है, जिसमें करोड़ों के लेनदेन का रिकार्ड है।



पकड़े गए सटोरिये। अमृत विचार

### पकड़े जाने पर रोने लगे

- पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद सटोरिया गिड़गिड़ाने रोने लगे। पुलिस अधिकारियों से कहा कि बहुत कम समय में ज्यादा रुपया कमाने के चक्कर में बड़ी गलती हो गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से लेनदेन के रिकार्ड का रजिस्टर, 15 मोबाइल, एक स्कॉर्पियो, लैपटाप समेत एक लाख रुपये बरामद हुए हैं।

समस्या

सरकार देखेगी एक-एक कामर्शियल वाहनों की लोकेशन

# जीपीएस डिवाइस बिना हजारों कामर्शियल वाहन ठप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह चरमराया, करोड़ों का नुकसान

अमृत विचार। सरकार ने सभी कामर्शियल वाहनों में जीपीएस सिस्टम यानी वीएलटीडी लगाना अनिवार्य कर दिया है। वीएलटीडी सिस्टम नहीं होने से 50 हजार से अधिक कामर्शियल वाहन ठप हो गये हैं जिससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह से चरमरा गया है। वाहनों के डंप होने से व्यवसाय को प्रतिदिन करोड़ों का नुकसान हो रहा है। मंगलवार को यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की टीम संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राकेंद्र कुमार से मिली और उनसे गुहार लगायी कि तीन माह के लिए इस सिस्टम से छूट दी जाए क्योंकि सरकार के द्वारा लिये गये अचानक इस फैसले से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह चरमरा गया है।

दरअसल जीपीएस आधारित सिस्टम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाना प्रत्येक कामर्शियल वाहन में लगाना जरूरी कर दिया गया है। वाहनों में ये सिस्टम लगने के बाद वाहन की लोकेशन दो जगह होगी। एक वाहन स्वामी के पास और दूसरी सरकार के पास। यदि किसी वाहन को आरटीओ, ट्रैफिक या क्राइम ब्रांच को पकड़ना होगा तो तुरंत पता चल जाएगा कि वाहन कहां है, और उसे पकड़ लिया जाएगा।

**क्या है वीएलटीडी सिस्टमः**

वीएलटीडी का मतलब व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस होता है जो जीपीएस आधारित सुरक्षा उपकरण है, ये सिस्टम वाहनों की रीयल टाइमिंग, लोकेशन ट्रैक करता है और आपातकालीन स्थिति के लिए उपयोगी है। ये देश में सार्वजनिक और व्यवसायिक वाहनों के लिए अनिवार्य है।

### 2019 के पहले वाले वाहनों के लिए मुसीबत

- वर्तमान में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के वाहन वीएलटीडी सिस्टम में नहीं आ रहे हैं जिससे मुसीबत बढ़ गई है। कानपुर नगर में ही लगभग 25 हजार ट्रक, 20 हजार से अधिक छोटे कामर्शियल वाहन ऐसे हैं जो 2019 के पहले के हैं। ऐसे वाहनों के लिए ये सिस्टम नहीं मिल रहा है जिससे ये सभी वाहन खडे.हो गये हैं। वर्ष 2019 के बाद के जो वाहन हैं, उनमें भी ये सिस्टम लगाने में वाहन स्वामी पसीने छोड़ रहे हैं क्योंकि ये सिस्टम कहीं मिल नहीं रहा है।

### शोरूम और कंपनियों ने हाथ खड़े किये

- ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का कहना है कि जिस कंपनी के वाहन हैं। उनके पास भी ये सिस्टम नहीं है, जैसे आयशर कंपनी के पास सिस्टम लगाने का सरकार का एप्रूवल है लेकिन टाटा कंपनी के पास नहीं है। जो टाटा कंपनी से लिये गये हैं, उनके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है।

### क्या बोले अधिकारी

- शो रूम से जो नए कामर्शियल वाहन निकल रहे हैं, उनमें ये डिवाइस लगी है। पुराने वाहनों में भी व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य है।

राकेंद्र कुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन कानपुर नगर

### व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस

- बिना वीएलटीडी के अब यूपी सहित कई राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र और फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा।
- ये डिवाइस सार्वजनिक बसों, स्कूली वाहनों, टैक्सियों, कैब व नेशनल परमिट वाले कामर्शियल वाहनों के लिए जरूरी है।
- ये डिवाइस वाहनों की सुरक्षा बढ़ाता है, चोरी रोकने और हादसे के समय सहायता के लिए होता है।
- इसमें एक पैनिक बटन होता है, जो आपात स्थिति में नियंत्रण केंद्र को अलर्ट करता है।
- ये डिवाइस एआईएस 140 प्रमाणित होना अनिवार्य है।

# आटो में सवारियों के रुपये-जेवर पार करने वाले बदमाश दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नौबस्ता पुलिस ने आटो में सवारी बैठाकर जेवर व नकदी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 28 अप्रैल को महिला के जेवर चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है।

नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि कानपुर देहात के डेरापुर के नकटू गांव निवासी गोपाल द्विवेदी की पत्नी अंजू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार 28 अप्रैल को अंजू कोयलानगर अपनी बहन के घर जा रहीं थीं। वह नौबस्ता से कोयलानगर जाने के लिए आटो में बैठी थीं। आटो में चालक के अलावा दो लोग पहले से बैठे थे। बैठी सवारियों ने बैग की चेन तोड़कर 25 हजार रुपये, एक जोड़ी झुमकी, दो अंगूठी चोरी कर ली थीं। आरोपियों ने उनका पर्स यशोदानगर बाइपास के पास फेंक दिया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों का पता लगाना शुरू किया। कई कैमरों की फुटेज देखने के बाद महिला जिस आटो में बैठी थी, उसका पता चला। इसके बाद पुलिस आटो नंबर के आधार पर मालिक तक पहुंची। पूछताछ में उसने बताया कि उनकी आटो किराये पर बर्रा छह का गौरव मेहता उर्फ रोमी चलाता है। इसके बाद पुलिस ने गौरव को पकड़ कर पूछताछ की तो उसने दो साथियों संग मिलकर चोरी कबूली।

- सीसीटीवी खंगालने के बाद पकड़ में आए आरोपी



पकड़े गए तीन आरोपी। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बिजली न रहने से हुई लोगों को परेशानी

कानपुर। दयानंद विहार उपकेंद्र के नवशील धाम क्षेत्र में बिजली मंगलवार सुबह 11 बजे दो जगहों पर एचटी लाइन व इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने की वजह गुल हो गई। जानकारी पर दौड़ी केस्को टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया, जिसके बाद दोपहर तीन बजे तक बिजली आ सकी। इसके अलावा उस्मानपुर में बिजली दोपहर तीन बजे से शाम को साढ़े पांच बजे तक नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिजली चोरी पकड़ी

कानपुर। केस्को की विजिलेंस टीम ने मंगलवार को बिजली चोरी के अभियान चलाकर दो लोगों चोरी करते पकड़ा। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक टीम को सिविल लाइंस में हबीबउल्लाह और ग्राम हिंदूपुर सिंहपुर में अविनाश बिजली चोरी करते मिले है, जिनके खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### यहां नहीं रहेगी बिजली

कानपुर। बारासिरोही के लवकुशपुरम, मोहन गेस्ट हाउस, शिवली रोड और आसपास के क्षेत्र में बिजली बुधवार को दोपहर एक बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक, पनकी ओल्ड व न्यू थाना और सुंदर नगर में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसके अलावा आचार्य नगर में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक और बर्रा विश्व बैंक के ई व डी ब्लाक में सुबह 11 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक गुल रहेगी।

सीएसए मैदान की रैली में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़े जाने की घोषणा की थी

# मोदी ने दिलाया था गंगा एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी दिलाने का भरोसा

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे की तर्ज पर कानपुर एक्सप्रेसवे लिंक की मांग हुई तेज

### कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे को रिंग रोड से जोड़ने की तैयारी

- कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे को आउटर रिंग रोड से जोड़ने के लिए उन्नाव में आजाद मार्ग के समीप जिस स्थान पर कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे शुरू और समाप्त होता है, वहां से करीब एक किमी दूर बदरका मार्ग के समीप इंटरचेंज बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे को आउटर रिंग रोड से जोड़े जाने से वाहन सवारों को शहर के अंदर लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



"कानपुर के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार को गंगा एक्सप्रेसवे, कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे तथा आउटर रिंग रोड से जोड़ने की योजना को तत्काल मंजूरी देकर इसमें गंगा बैराज मार्ग शामिल करते हुए कानपुर-अलीगढ़ हाईवे से भी कनेक्टिविटी देनी चाहिए। इससे न सिर्फ यातायात समस्या का समाधान होगा, बल्कि कानपुर के औद्योगिक और व्यापारिक विकास को तेज गति मिलेगी।

-अमिताभ बाजपेई, विधायक-समाजवादी पार्टी।

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपरेशन सिंदूर के बाद सीएसए मैदान पर हुई रैली में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने का भरोसा दिलाया था। लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने और कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे को इसी माह के अंत तक आवागमन के लिए खोले जाने की उम्मीद के बावजूद अभी तक दोनों एक्सप्रेसवे को जोड़ने का काम सिर्फ फाइलों में ही धूल खा रहा है।

गंगा किनारे स्थित होने के बावजूद लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की ही तरह शहर को गंगा एक्सप्रेसवे के लिए भी कोई सीधी कनेक्टिविटी नहीं मिली है। इसी तरह कहने के लिए कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे है, लेकिन यह शुरू उन्नाव में होता है। अमृत विचार द्वारा इस मामले को लोगों से संवाद करके मुद्दा बनाए जाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कानपुर को गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक एक्सप्रेस वे के जरिये जोड़ने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में आउटर रिंग रोड से उन्नाव में ही कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ने की योजना को अधिकतर लोग अव्यवहारिक फैसला बताते हुए बड़ी रणनीतिक चूक बता रहे हैं, उनका कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे, कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे और आउटर रिंग रोड को एक साथ जोड़ने की योजना को ही मंजूरी दी जानी चाहिए, इस परियोजना को गंगा बैराज मार्ग से कनेक्ट किए जाने से पूरी परियोजना को कानपुर-अलीगढ़ हाईवे से भी कनेक्टिविटी मिल जाएगी। गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे की तर्ज पर कानपुर में भी एक्सप्रेसवे लिंक बनाया जाना जरूरी है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे उन्नाव में जहां कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के ऊपर से गुजरता है, इस क्रासिंग प्वाइंट पर दोनों एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनाना चाहिए। इस क्रासिंग प्वाइंट को कानपुर आउटर रिंग रोड से जोड़कर बैराज मार्ग से कनेक्ट किए जाने की जरूरत है।

## जू में हिरणों की सींग पर लगाई गई रबर की रिंग

कानपुर। चिड़ियाघर में अब हिरणों के बीच जब संघर्ष होगा तो वे जख्मी नहीं होंगे, क्योंकि उनकी नुकीली सींग में खास तरह की रिंग लगाई गई है। यह रिंग रबर की है। जब वे आपस में एक दूसरे पर वार करेंगे तो इस रबर की वजह से उन्हें चोट नहीं लगेगी। चिड़ियाघर के निदेशक कन्हैया पटेल की पहल पर यह प्रयोग किया गया है।

नर हिरण अपने इलाके और मादा के लिए लड़ते हैं। बाड़े में सीमित जगह होने के कारण उनके बीच कई बार यह संघर्ष ज्यादा ही खतरनाक हो जाता है। उनके नुकीले सींग दूसरे हिरण को गंभीर रूप से घायल कर देते हैं। रक्त निकलने से संक्रमण का खतरा भी होता है। इससे उनकी मौत का अंदेशा रहता है। यही वजह है कि सींगों पर रबर रिंग लगाया गया है। हालांकि हिरणों का आपस में लड़ना एक सामान्य प्राकृतिक व्यवहार है। जब से रिंग लगाई गई है उनके व्यवहार में भी बदलाव देखने को मिला है। अब उनके बीच का संघर्ष कम हो गया है। संघर्ष में उन्हें चोट भी नहीं लगती है। बाड़े का माहौल पहले से ज्यादा सुरक्षित और संतुलित हो गया है। बताते हैं कि जब वे आपस में लड़ते हैं तो इसका नुकसान उनकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। क्योंकि वे इस वजह से तनाव में रहते हैं। रबर की यह रिंग हल्की और मुलायम है, जिससे हिरणों को किसी तरह की परेशानी नहीं होती।



रैली को हरी झंडी दिखाते जिला जज अनमोल पाल। अमृत विचार

## लोक अदालत के लिए जागरुकता रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रैली का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया

अमृत विचार। आगामी नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर से एक विशाल रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनमोल पाल ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रैली में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह-समझौते के माध्यम से वादों के त्वरित और अंतिम निस्तारण का प्रभावी मंच है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेकर अपने मामलों का निपटारा कराने की अपील की। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों के विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं होता, जिससे वादियों को स्थायी समाधान मिलता है। उन्होंने बताया कि पिछली लोक अदालत में करीब दो लाख मामलों का निस्तारण हुआ था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव तिवारी ने कहा कि इस बार मेगा लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, पारिवारिक, बैंकिंग और प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्री-लिटिगेशन के तहत मुकदमा दर्ज होने से पहले ही विवादों का समाधान संभव है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन व लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एडीएम (न्यायिक) महेश कुमार, बार एसोसिएशन अध्यक्ष योगेंद्र बस्ती, लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी व अधिवक्ता रहे।

## शहर में 1.63 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर होंगे पोस्टपेड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्मार्ट मीटरों की वजह से लोगों के आक्रोश को देखते हुए शासन ने प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में बदलने के निर्देश दिए हैं। शहर में लगाए गए 1.63 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को भी पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के रूप में बदला जाएगा।

शहर में केस्को के साढ़े सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमे से एक लाख 63 हजार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर धारक हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से केस्को द्वारा आयोजित जनसुनवाई कैंपों में बढ़े बिल आने, अपने आप बिजली कटने, बिजली कटने के बाद काफी घंटों तक न आने, बिल जमा करने के बाद भी बैलेंस निगेटिव दिखाने समेत आदि समस्याओं का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा था, शिकायतों के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने से लोग काफी आक्रोशित हो गए थे। अब शासन ने प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड स्मार्ट मीटर में तब्दील करने के निर्देश केस्को समेत सभी डिस्कॉम को जारी कर दिए है। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर अब पहले की तरह ही बिजली बिल में बिल जमा करने की तिथि उल्लेखित रहेगी।

बिलिंग साइकिल वैसे ही रहेगा जैसे पहले पोस्टपेड मीटर में होता था। पहले की तरह ही माह के अंत तक बिल की खपत का एक महीने का बिल एसएमएस और व्हाट्सअप पर दिया जाएगा। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपील है कि जिन उपभोत्ताओं का मोबाइल नंबर सही नहीं है या बदल दिया है, वह अपना नंबर जरूर सही करवा लें।

केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक ऐसे उपभोक्ता जिनके परिसर में पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर लगाए गये हैं, उनकी सिक्योरिटी वापस कर दी गयी थी। अब दोबारा पोस्टपेड मीटर होने पर उपभोक्ता को सुविधा देते हुए इसे एकमुश्त में न लेकर सिक्योरिटी को चार किस्तों में लिया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को बिल संबंधित कोई समस्या है तो वह खंड एवं उपखंड स्तर पर मई व जून में लगने वाले वृहद कैम्प में बिल संबंधित शिकायत कर उसका निस्तारण करा सकता है।

### 10 तक मिल जाएंगे बिजली बिल

सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक मिल जाएंगे। बिल मिलने की तिथि से भुगतान के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिस उपभोक्ता को समय से बिल प्राप्त नहीं होता है, वह केस्को 91 8287835233 पर संपर्क कर सकते हैं और 1912 पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर भी बिल प्राप्त किया जा सकता है। केस्को मीडिया प्रभारी ने बताया कि 30 अप्रैल तक का (मई के बिल से पूर्व) उपभोक्ता का, जो भी बिल बकाया रहेगा वह 10 किस्तों में जमा कर सकता है।



भाजपाइयों ने मिठाई बांटी। अमृत विचार

## भाजपा की जीत का जश्न

कानपुर। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न महाराजपुर विधानसभा के यशोदा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने सैनिक चौराहा पर मिष्ठान वितरण के बीच पटाखे फोड़कर मनाया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, उपाध्यक्ष विनीत द्विवेदी प्रदीप तिवारी, नरोत्तम त्रिवेदी, प्रदीप मिश्रा, अंकित गुप्ता, अनिकेत तिवारी शामिल रहे।

## जो हिंदू-महिला हित की बात करेगा, वही राज करेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा पर खुशी शिक्षामित्रों का हुआ सम्मान
- प्रदेश प्रभारी उच्च शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित



शिक्षा मित्रों को चेक देते मंत्री योगेंद्र उपाध्याय। अमृत विचार

अमृत विचार। मर्चेंट चैंबर हॉल में मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के प्रभारी एवं उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों और मौजूदा राजनीतिक हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जो हिंदू हित और महिला हित की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों की यह हार है। मंत्री ने कहा कि यह उन लोगों की जीत है, जिन्होंने महिलाओं को अधिकार दिलाने की दिशा में काम किया, जबकि महिलाओं का आरक्षण रोकने की कोशिश करने वालों को जनता ने नकार दिया। कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ का गोरखपुर से वर्चुअल संबोधन भी प्रसारित किया गया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों के लिए 18 हजार रुपये मानदेय और 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की। यह घोषणा सुनते ही पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और शिक्षामित्रों ने खड़े होकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, सुरेंद्र मैथानी, महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ अभिनव जे. जैन, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## 20 सेकेंड तक हाथ धोएं भरपूर, बीमारियां रहेंगी दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों की रही धूम
- साबुन-पानी से झाग बनाकर हाथों को आगे-पीछे रगड़ें




अमृत विचार। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंगलवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, स्वास्थ्य इकाइयों, महिला आरोग्य समितियों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर लोगों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कहा गया हाथ धोएं भरपूर, बीमारियां रहेंगी दूर।

कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) के साथ पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं अभियान चलाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों, स्कूली बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रमों में ओआरएस और जिंक के महत्व पर जोर देते हुए ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए गए। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साजारी में आयोजित बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने सही तरीके से हाथ धोने के छह चरणों की जानकारी दी। उन्होंने साबुन-पानी से झाग बनाकर हथेलियों, हाथों के उल्टे हिस्से, मुट्ठी, अंगूठों, नाखूनों और कलाइयों को अच्छी तरह साफ करने का अभ्यास भी कराया। वहीं कंपोजिट विद्यालय बेनाझाबर में प्रधानाचार्य सारिका ने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे आसान उपाय हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक साबुन-पानी से धोना है। कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया से राम कुमार तिवारी, अन्नू अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



नगर आयुक्त से वार्ता करतीं सपा विधायक नसीम सोलंकी, साथ में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी, पार्षद व अन्य। अमृत विचार

### तिकोनिया पार्क में फिर से सजाई जाएं दुकानें

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को सीसामऊ से सपा विधायक नसीम सोलंकी और पूर्व विधायक इरफान सोलंकी अपने पार्षदों के साथ पहुंचे, यहां पर उन्होंने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय से मुलाकात की और ज्ञापन दिया। बताया कि वार्ड तीन चुन्नीगंज स्थित तिकुनिया पार्क के आसपास निर्धन परिवार के लोग दुकानें लगाकर गुजर-बसर कर रहे हैं, लेकिन कुछ दिनों पहले नगर निगम ने अतिक्रमण बताते हुए 15 दुकानें हटवा दी और फुटपाथ चौड़ा कर दिया, इससे गरीब परिवार उजड़ गए और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट आ गया है। नगर आयुक्त से सपा विधायक ने फिर से दुकानें लगवाने की मांग की। इस दौरान सरताज अहमद, पार्षद लियाकत अली, अकील शानू, इरशाद अली, शिराज हुसैन, आसिफ कादरी, वरुण जायसवाल आदि मौजूद रहे।

युद्ध का असर

ऑर्डर कम होने की वजह से दूसरे कार्यों की ओर कर चुके हैं रुख

## लेदर यूनिटों से 20 फीसदी हस्तशिल्प कारीगर हटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- शहर के करीब 80 फीसदी निर्यातक लेदर सेक्टर से जुड़े हुए हैं



"ऑर्डर की कमी से कारीगरों के पास काम की कमी हुई। कई महीनों तक तो उन्हें वेतन दिया गया लेकिन इसके बाद वे दूसरे काम की ओर रुख करने लगे। सबसे अधिक परेशानी ऐसे कारीगरों के सामने आई जो काम के हिसाब से भुगतान लेते थे। इनमें युवा कारीगर सबसे अधिक यूनिट्स से दूर हो रहे हैं। वे लेदर सेक्टर के बजाए अब दूसरे काम को करने लगे हैं।

-मोहम्मद अली



"विदेशी ऑर्डर के अनुसार ही यूनिट्स में कारीगरों को नियुक्त किया जाता है। ऑर्डर पर संकट आया तो अब कारीगर भी यूनिट को छोड़ने लगे हैं। इससे भविष्य में उत्पादों की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। इन कारीगरों को हम लोग काफी तलाश करने के बाद यूनिट्स से जोड़ते हैं। यहां पर वे कई तरह से काम भी सीखते हैं। छोड़कर जाने के बाद सबसे अधिक नुकसान यूनिट्स व निर्यातकों को ही होता है।

- असजद नफीस, निर्यातक

अमृत विचार। ईरान युद्ध का असर अब हस्तशिल्पियों पर भी पड़ रहा है। खासतौर पर लेदर यूनिट्स में काम करने वाले हस्तशिल्पी दूसरे कार्यों की ओर रुख कर चुके हैं। यूनिट्स में लगभग 20 फीसदी हस्तशिल्पी दूर हो चुके हैं। इसकी वजह युद्ध की वजह से ऑर्डर मिलने में कमी बताई जा रही है।

शहर में लगभग 22 सौ बड़े निर्यातक हैं। इनके अलावा लगभग 15 सौ ऐसे छोटे निर्यातक भी हैं जो एक या दो प्रोडक्ट पर ही डील करते हैं। इनमें 80 फीसदी निर्यातक लेदर सेक्टर से जुड़े हुए हैं। छोटे स्तर पर निर्यात करने वाले इन निर्यातकों के यहां पर ज्यादातर कारीगर हाथ से उत्पादों पर डिजाइन व सिलाई करते हैं। लेदर पर होने वाली इस कारीगरी की विदेशी बाजार में अच्छी कीमत पर बिकती है। इन उत्पादों की सबसे बड़ी वैश्विक मार्केट अमेरिका मानी जाती थी। इसके बाद यूरोपीय बाजार का नंबर खरीदारों में आता था। अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद से इन निर्यातकों को खरीदारों की कमी से जूझना पड़ रहा है। टैरिफ की समस्या के बाद अमेरिका, इजराइल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध की वजह से निर्यातकों के पास आने वाले ऑर्डर में और अधिक कमी हुई। जिसके चलते छोटी यूनिट में काम करने वाले कारीगरों ने दूसरे विकल्पों की ओर रुख कर लिया। इससे यूनिटस में काम करने वाले कारीगरों की संख्या में कमी दर्ज हुई। अब निर्यातकों का मानना है कि यदि स्थिति सुधने के बाद ऑर्डर आते भी हैं तो इन कुशल कारीगरों का वापस लौटना मुश्किल साबित हो सकता है। इससे उत्पाद की क्वालिटी पर भी असर पड़ने की संभावना है।

## लीकेज सिलेंडर से लगी आग, पुलिस कर्मियों ने बुझाई

कानपुर। नौबस्ता थाना क्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम स्थित भैरमपुर गांव में रमापति सविता के घर खाना बनाते समय लीकेज गैस सिलिंडर से अचानक आग लग गई। जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोग बाहर भागे। सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल के आने से पहले ही सिलिंडर को बाहर निकालकर आग पर काबू पा लिया गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान परिवार खाना बना रहा था। तभी गैस रिसाव के बाद चिंगारी से आग भड़क उठी और आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। नौबस्ता थानाप्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि सिलिंडर लीकेज के कारण आग लगी थी। जिसे समय रहते बुझा दिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई



ईरानी दूतावास में राजदूत से मिलते प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान व अन्य।

### इंसाफ पसंद पूरी दुनिया ईरान के साथ: सुलेमान

कानपुर। पूरी दुनिया के इंसाफ पसंद लोग ईरान के साथ हैं और भारत की अवाम हमेशा ईरान के साथ थी और रहेगी। इंडियन नेशनल लीग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने यह बात कही। मंगलवार को इंडियन नेशनल लीग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राजदूत फतेह अली से मुलाकात की और ईरान के सर्वोच्च नेता दिवंगत सैयद अली खामेनेई और अन्य दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ईरान के राजदूत ने कहा कि जुल्म के खिलाफ ईरान 100 वर्षों तक लड़ेगा। ईरान कभी नहीं झुका है न झुकेगा। आईएनएल के महामंत्री मुजम्मिल हुसैन, रफी अहमद खां, इंजीनियर फिरोज जफर आदि साथ रहे।

# बिधनू और चौबेपुर में खुलेंगे सीएम मॉडल कम्पोजिट इंटर कॉलेज

## प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पहली किस्त के रूप में जारी किए 12-12 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार ने शहर के बिधनू और चौबेपुर में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट इंटर स्कूल की सौगात दी है। बिधनू के खेरसा में स्कूल का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है, जबकि चौबेपुर के बनी में काम अगले 10 दिन में शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। दोनों स्कूल

लगभग 30-30 करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे। इसके लिए लगभग पांच एकड़ जमीन उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई थी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि शहर में बनने वाले दोनों मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट इंटर स्कूलों के लिए शासन ने पहली किस्त के रूप में 12-12 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर दिया था। अब निर्माण कार्य धरातल पर उतर गया है। ये दोनों स्कूल न केवल शहर के छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि कौशल विकास पर भी फोकस करेंगे।

- बिधनू में बनने लगा स्कूल का भवन, चौबेपुर में भी जल्द काम शुरू करने की तैयारी

**30** करोड़ रुपये एक स्कूल की लागत

**12** कक्षा तक होगी इनमें पढ़ाई

- साइंस व कम्प्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी के साथ कौशल विकास का होगा इंतजाम

**30** कक्षों का निर्माण होगा हर कालेज में

**15** सौ बच्चे कालेज में पढ़ें सकेंगे



### होंगी ये विशेषताएं

- मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट इंटर स्कूल नई शिक्षा नीति के मुताबिक तैयार होंगे। इनमें प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।
- एक स्कूल में लगभग 1,500 छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से 30 कक्षों का निर्माण किया जाएगा।
- साइंस, आट्र्स एवं कॉमर्स सभी स्ट्रीम में शिक्षा की व्यवस्था होगी। डिजिटल लर्निंग के लिए स्मार्ट क्लास के साथ मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर होगा।
- साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी और कौशल विकास के सभी संसाधन उपलब्ध होंगे।
- छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में स्पोर्ट्स ग्राउंड भी विकसित किया जाएगा

## सिटी ब्रीफ

### सहेली व भाई के साथ चली गई बालिका

**कानपुर।** काकादेव में पढ़ाई को लेकर मां के डांटने के बाद 13 वर्षीय बालिका अपनी हमउम्र सहेली व आठ वर्षीय उसके छोटे भाई के साथ घर से चली गई। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसी कैमरों की मदद से तीन बच्चों को घर से कुछ दूर स्थित पार्क से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद किया। काकादेव थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि इलाके में रहने पीड़ित मां ने सोमवार को अपनी 13 बच्ची बेटी को पढ़ाई नहीं करने को लेकर डॉट दिया था। जिसके बाद वह गुस्सा होकर पड़ोस में रहने वाली 13 वर्षीय अपनी सहेली और उसके आठ वर्षीय भाई के साथ घर से निकल गई। देर शाम को परिजन को बच्चे नहीं दिखे तो उन्होंने तलाश शुरू की। काफी तलाशने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेकर सीसी कैमरों की मदद से बच्चों की तलाश की। पुलिस ने चार घंटे के अंदर तीनों बच्चों को घर से करीब एक किमी. दूर स्थित पार्क से सकुशल बरामद किया।

### सयुस चलायेगा समस्या सर्वे अभियान

**कानपुर।** सपा युवजन सभा अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी का आरोप है कि प्रत्येक वार्ड में नगर निगम, केस्को, पुलिस, जलकल एवं अन्य सरकारी विभागों से जनता पीड़ित हैं, इन समस्याओं का निदान कराने केलिए 7 मई से 14 मई तक अभियान चलाया जाएगा। घर घर जाकर समस्या नोट करेंगे और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराकर उसे ठीक कराया जाएगा।

### अपार आईडी अनिवार्य से अभिभावक परेशान

**कानपुर।** मुस्लिम वेलफेयर एण्ड एजूकेशनल संस्था के सचिव इखलाक अहमद डेविड ने कहा है कि स्कूलों में अपार आईडी अनिवार्य किये जाने से अभिभावक परेशान हैं। उन्होंने मांग की है कि बच्चों की अपार आईडी का अनिवार्यता खत्म की जाए। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत कक्षा 8 तक किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित होना अनुचित है।

## अपहरण में भेजा महिला को जेल

**कानपुर।** अपने देवर खुश देखने के लिए उसकी नाबालिग प्रेमिका को बहला-फुसला कर ले जाने वाली महिला को पुलिस ने अपहरण के आरोप में जेल भेजा। महिला किशोरी को उसके घर से ले गई थी।

कर्नलगंज थाना प्रभारी विनीत चौधारी ने बताया कि थानाक्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी बीती 25 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। जिसके बाद किशोरी के पिता ने इलाके के अशफाक उर्फ चांद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच शुरू कि एक महिला किशोरी को घर से ले जाती हुई दिखी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर महिला की तलाश शुरू की। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंपा।

# पीएसआईटी में छात्रों का हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**20** हजार अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी जमा कराने से नाराज हुए छात्र

- देर रात तक होता रहा हंगामा, 6 छात्रों को कॉलेज कैंपस से बाहर किए जाने का आरोप

**अमृत विचार।** प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी जमा कराने की मांग से नाराज छात्रों ने जमकर हंगामा किया। प्रबंधन ने तोड़फोड़ की आशंका पर पुलिस बुला ली। पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्र नहीं माने और नारेबाजी करते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन के कहने पर पुलिस ने छह छात्रों को कैंपस से बाहर कर दिया। छात्रों ने सड़क पर भी आकर हंगामा किया।

छात्रों का कहना है कि उनसे 20 हजार रुपये उपस्थिति के नाम पर मांगे जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यदि 90 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होती है तो उक्त धनराशि जब्त कर ली जाएगी। यह फैसला उचित नहीं है। इस फैसले के विरोध में ही छात्रों ने हंगामा किया। देर रात तक नारेबाजी और हंगामे को देख पुलिस बुलाया गया। सचेंडी पुलिस के साथ ही पनकी थाने की पुलिस भी वहां पहुंची। बड़ी मुश्किल मुश्किल से उन्हें शांत कराया। छात्रों का आरोप है कि हंगामे के आरोप में छह छात्रों को परिसर से निष्कासित किया गया है, जबकि वे छात्र हंगामा नहीं कर रहे थे। उनका कहना है कि निकाले गए छात्रों को दो- दो हजार रुपये लिफाफे में दिए गए। आरोप है कि जो छात्र परिसर से बाहर किए गए हैं उनमें दो बीटेक तृतीय वर्ष और चार छात्र द्वितीय वर्ष के हैं। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें बताया कि रकम रिफंडेबल है। जो छात्र 90 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएंगे उन्हें रकम वापस की जाएगी।

## सीएसए के 11 छात्रों का निजी कंपनी में चयन

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 11 छात्रों का एक निजी कंपनी में चयन हुआ है। सीएसए विवि के सेवायोजन निदेशक डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों का कैम्पस प्लेसमेन्ट लेने के लिए सहज मिल्क प्रोड्यूसर लिमिटेड के भास्कर तिवारी व राजीव रंजन ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। इस दौरान एमबीए एग्री बिजनेस के प्रतिभागित लगभग 30 छात्रों का ग्रुप डिस्कसन करने के बाद कम्पनी के हेडक्वाटर में पर्सनल इन्टरव्यू लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 छात्रों का चयन हुआ। इनमें 2 छात्रों को वेटिंग भी मिली। जिसमें मिस्टर सुमित कुमार, हिमाशुं यादव, राजदीप बलवन्त, वैभव दुबे, नीतेश कुशवाहा, दीपक चौहान, सौरभ सिंह, ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा एवं आदर्श कौशल का एरिया आफीसर पद पर चयन किया गया। है। उन्होंने कह कि सहज दुग्ध कंपनी एक उभरती हुई किसान केन्द्रित डेरी कम्पनी है। जो ग्रामीण विकास रोजगार स्रजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इन सभी छात्रों को अच्छे पैकेज के साथ-साथ अन्य सुविधाएँ भी दी जायेगी। सेवायोजन के निदेशक डा विजय कुमार यादव ने यह भी बताया कि मई, 2026 के अन्तिम पखवाड़े में अडानी विल्मार, आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस कम्पनी के साक्षात्कार होना प्रस्तावित है।



पनकी मंदिर में लगी भक्तों की कतार। अमृत विचार

# बड़े मंगलवार पर हनुमान मंदिरों में गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बड़े मंगलवार के अवसर पर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के से ही पनकी हनुमान मंदिर, जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर मंदिर और घुमनी मोहाल स्थित सालासर बालाजी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

मंदिरों के पट खुलते ही जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों को फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजाया गया। कई स्थानों पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। पनकी मंदिर में विशेष आरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दक्षिणेश्वर मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे और शाम को भव्य आरती हुई ।सालासर बालाजी मंदिर में भक्तों ने नारियल, लड्डू और सिंदूर अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं।

## सिटी डायरी



शंकर कार्तिक नेत्रालय के डॉक्टर और स्टाफ।

### शंकर कार्तिक नेत्रालय के 10 वर्ष पूरे होने पर समारोह

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित शंकर कार्तिक नेत्रालय ने नेत्र चिकित्सा सेवाओं के 10 वर्ष पूरे होने पर समारोह का आयोजन किया। थीम ट्यूनिंग ब्लर इनटू ब्राइट : ए डिकेड ऑफ एक्सीलेंस रही। समारोह में संस्थान की उपलब्धियों को याद किया। संस्थापक डॉ.मनीष सक्सेना व डॉ. नेहा सक्सेना ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया। बताया कि संस्थान में आधुनिक एआरओजीएस तकनीक से सटीक जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही यहां पर आधुनिक मशीनों से जांचों की सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ नेत्र रोगियों को मिल रहा है।



मरीज के साथ डॉ. मधुलिका शुक्ला।

### बिना ऑपरेशन होम्योपैथिक दवाओं से दूर की सिस्ट की समस्या

**कानपुर।** बिना ऑपरेशन शहर की डॉ. मधुलिका शुक्ला ने होम्योपैथिक से महिला की 68×52 मिमी का राइट ओवेरियन सिस्ट की समस्या को दूरकर नया जीवनदान किया। डॉ. मधुलिका शुक्ला ने बताया कि एक महिला मरीज को 29 अगस्त 2025 को केजीएमयू लखनऊ में सर्जरी की सलाह दी गई थी। इसके बाद वह 14 सितंबर 2025 को पैथोलोजी में जांच कराने पहुंची, जांच के दौरान के 68×52 मिमी का राइट ओवेरियन सिस्ट मिला। लेकिन मरीज ने सर्जरी के बजाय होम्योपैथिक इलाज से सिस्ट की समस्या को दूर करने का फैसला लिया। बताया कि करीब तीन महीने के नियमित होम्योपैथिक इलाज के बाद जब 22 अप्रैल 2026 को जब वह दोबारा जांच के लिए आई तो दोनों ओवरी का साइज सामान्य था। कोई भी सिस्ट या एडनेक्सल मास नहीं मिला।




डीपीएस में बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### डीपीएस में पुरस्कार समारोह

**कानपुर।** डीपीएस आजाद नगर में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

# केमिकलों के प्रयोग से मां बनना ख्वाब हो जाएगा, प्रजनन घट रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



राम नारायन बाजार में संगोष्ठी में बोलते ज्योति बाबा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व में पिछले 50 वर्षों में दो तिहाई जानवर खत्म हो चुके हैं। अब इंसान की बारी है। फॉरएवर केमिकल से फर्टिलिटी पर संकट है, सिंथेटिक रसायन का कहर पुरुष, महिला दोनों में तेजी से बांझपन बढ़ा रहा है। रसोई से कोख तक जहर ही जहर है, वैज्ञानिकों का कहना है कि रसायन भोजन लोगों को नपुंसक बना रहा है।

मंगलवार को सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व अलंकृत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति युवा भारत शीर्षक पर राम नारायन बाजार स्थित संस्था कार्यालय में गोष्ठी हुई।

एशिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरु ज्योति बाबा ने कहा कि सिंथेटिक रसायन चुपचाप पैदा होने का हक छीन रहे हैं। पेस्टिसाइड्स से प्लास्टिक तक हमारा रासायनिक भोजन चुपचाप प्रजनन क्षमता निगल रहा है। पूरी मानव जाति साइलेंट फर्टिलिटी क्राइसिस से घिर चुकी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोसाइटी योग ज्योति इंडिया डॉक्टर धर्मेंद्र यादव ने कहा कि एक नई स्टडी में वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि रसायन,नशा व जलवायु परिवर्तन मिलकर मानव व जानवरों दोनों की प्रजनन क्षमता,जैव विविधता और स्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाल रहे हैं। शिक्षाविद साकेत सिंह ने कहा की दुनिया में हजारों तरह के सिंथेटिक रसायन मानव निर्मित केमिकल्स फैले हुए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनमें से कई पेस्टिसाइड प्लास्टिक,पोल्यूटेंट और फॉरएवर केमिकल प्रजनन क्षमता को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहे हैं। समाज सेवी उपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंसानों में बांझपन की समस्या गंभीरतम स्तर पर पहुंच चुकी है। डॉक्टर अतुल कुमार मिश्रा, डॉ आरसी शर्मा, रति दीक्षित, मयंक त्रिपाठी, गीता,डॉ सुलोचना दीक्षित आदि मौजूद रहे।

- साइलेंट फर्टिलिटी क्राइसिस: खतरनाक रसायन खा रहे अगली पीढ़ी का भविष्य

# ताइक्वांडो में विशाल तीसरे स्थान पर रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ी विशाल कश्यप ने उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 1 से 4 मई तक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विशाल कश्यप ने एसजीएफआई में गोल्ड मेडल तथा जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अकादमी और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार यादव, एलुमनाई सेक्रेटरी कमल किशोर, डॉ. प्रभाकर पांडेय, सहायक प्रोफेसर शुभम हजारिया तथा उनके कोच एवं सीएसजेएमयू ताइक्वांडो अकादमी के कोच लाली यादव ने उन्हें सम्मानित किया।



ताइक्वांडो खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

**बदलाव** सेवायोजन कार्यालय में युवाओं का ऑनलाइन इंटरव्यू हो सकेगा

# स्मार्ट रूम, वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** सेवायोजन कार्यालय में युवाओं को स्मार्ट रूम की सुविधा मिलेगी। वे कार्यालय से ही ऑनलाइन साक्षात्कार दे सकेंगे। इसके लिए दो करोड़ रुपये का बजट तैयार किया गया है। इस बजट से इमारत की स्थिति में भी सुधार होगा।

युवाओं को नौकरी देने व उसके लिए तैयारी कराने वाले विभाग के कार्यालय के दिन अब बहुरने वाले हैं। 1945 के बाद से पहली बार इस विभाग की इमारत का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कई ऐसी सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी जो युवाओं को रोजगार दिए जाने में सहायता कर सकें। माना जा रहा है कि एक से दो महीनों में कार्यालय का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नई सुविधा में सबसे महत्वपूर्ण सुविधा ऑनलाइन वीडियो क्रॉफेंसिंग रूम के रूप में यहां पर युवाओं को मिलने वाली है। इस सुविधा के मिलने के बाद विभाग में ऑनलाइन रोजगार मेले भी लगाए जा सकेंगे। इस सुविधा की वजह से ऐसी निजी कंपनियां जो अभी तक समय कम होने की वजह से शहर नहीं आ पाती थी वह भी ऑनलाइन मोड से जुड़कर युवाओं का साक्षात्कार ले सकेंगी। कार्यालय की मरम्मत और सुविधाएं बढ़ाने का काम यूपी जल निगम की ओर से किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्ज्वल कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही कार्यालय की मरम्मत और सुविधा बढ़ाए जाने का काम शुरू हो जाएगा।

### दीवारों में सीलन, टपकता पानी

- जीटी रोड के किनारे स्थित सेवायोजन कार्यालय वर्ष 1945 के अगस्त माह में खुला था। तब से कार्यालय भवन में बड़ा पुनर्निर्माण कार्य नहीं कराया गया। वर्ष 2012-13 में विभाग में छोटे स्तर पर अस्थाई ऑनलाइन इंटरव्यू रूम बनाया गया था वह भी मेगा रोजगार मेला के बाद जर्जर अवस्था में हो गया। लिहाजा, भवन मरम्मत के अभाव दुर्दशाग्रस्त होने लगा। पुनर्निर्माण कराने के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भी भेजे गए लेकिन समाधान नहीं मिला।

### 1.65 लाख युवा जुड़े

- सेवायोजन पोर्टल पर आठवीं से लेकर उच्च व तकनीकी शिक्षा प्राप्त एक लाख 65 हजार बेरोजगार युवक व युवतियां पंजीकृत हैं। वर्तमान में सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत आउटसोर्सिंग एजेंसियां ही विभिन्न विभागों में संविदा कर्मचारी रखने के लिए अधिकृत हैं। निजी क्षेत्र के औद्योगिक संस्थाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

## ढैंचा मिलाने से मिलेगी नाइट्रोजन

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में मंगलवार को चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक में किसानों को खेती से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। बताया गया कि यदि वे ढैंचा की फसल को 40 दिन पर मिट्टी में मिलाएं तो खेतों में नाइट्रोजन की प्रचुर मात्रा हासिल हो सकेगी।

निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी ने कहा कि किसान 30 से 40 किलोग्राम ढैंचा का बीज प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई करें। इसके साथ ही समय-समय पर सिंचाई करते रहें।

उन्होंने किसानों से कहा ढैंचा की फसल को 35 से 40 दिन पर मिट्टी में मिला दें। इससे मृदा में 84 से 129 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है।


**कार्यालय – सहायक आयुक्त, राज्य कर**
**सचल दल इकाई– षष्ठम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश**

पत्र सं0 20/सहा0आयु0रा0क0स0द0षष्ठम इकाई0कानपुर/2026–27/दिनाँक 02/05/2026

नीलामी सूचना

प्रारूप जीएसटी डीआरसी–10

[ नियम–144क देखिये ]

अधिनियम की धारा– 129 (6) के अधीन नीलामी के लिये नोटिस

धारा– 129 के अधीन प्रतिधारित या अभिग्रहीत माल या प्रवहण धारा– 129 की उपधारा (3) के अधीन संदेय रूपये– 65,64,400.00 /– की शास्ति की वसूली तथा ऐसे माल या प्रवहण की सुरक्षित अभिरक्षा में उपगत व्यय तथा अन्य प्रशासनिक व्यय के लिये धारा–129 की उपधारा (6) के उपबन्धों के अनुसार विक्रय या निपटान के लिये दायी है।

विक्रय सर्वजानिक नीलामी द्वारा होगा और माल तथा/ या प्रवहण अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिये रखा जायेगा। विक्रय व्यतिक्रमी का अधिकारी हक और हित होगा और उक्त संपत्तियों से संलग्न दायित्व और दावे, जहां तक उन्हे अभिनिश्चित किया गया है, वो सम्पत्तिया है जिन्हे प्रत्येक लॉट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

नीलामी दिनांक 07/05/2026 को प्रात : 11 :00 बजे की जायेगी।

प्रत्येक लॉट का मूल्य, विक्रय के समय या उचित अधिकारी/विनिर्दिष्ट अधिकारी के निदेशानुसार संदत्त किया जायेगा और भुगतान के व्यतिक्रम में माल और/0 या प्रवहण, नीलामी और पुनः विक्रित के लिये पुनः रखा जायेगा।

अनुसूची

| क्र0सं0 | माल या प्रवहण का विवरण | परिमाण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | TOBACCO SRT1000 | 30 NUG 187200 POUCH |
| 2 | TOBACCO SRT1000 | 1 NUG 2080 POUCH |
| 3 | PAN BAHAR (CRISTAL) PAN MASALA | 50 NUG 600000 POUCH |
| 4 | TOBACCO (WARQ) | 10NUG 600000 POUCH |
| 5 | TOBACCO (2X) | 3 NUG 54000 POUCH |
| 6 | PAN MASALA (SWAGAT ROYAL) | 5 NUG 20800 POUCH |
| 7 | PLASTIC SPOON | 10400 PCS |
| 8 | PAN MASALA (SWAGAT ROYAL) | 32 NUG 133120 POUCH |
| 9 | PLASTIC SPOON | 66560 PCS |
| 10 | PAN MASALA (BAHAR) | 15 NUG 54000 POUCH |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति नियत स्थान पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे। नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर (मो0–7235002556) से दिनांक 06–05–2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के लिये नियम एवं शर्ते–

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति का जीएसटी के अन्तर्गत पंजीयन अनिवार्य है। 2. नीलामी में सफल बोलीदाता द्वारा कर (TAX) एवं उपकर (CESS) सेस का भुगतान R.C.M के आधार पर किया जायेगा। 3. उचित अधिकारी के पास नीलामी के संबंध में सर्वाधिकार सुरक्षित है। 4. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति को बोली पूर्व रकम (PRE - BID DEPOSIT) रूपये 1,00,000/– (नगद) नियमानुसार जमा करना होगा तथा बोली में असफल व्यापारी/व्यक्ति को उनकी यह धनराशि लौटा दी जायेगी। 5. नीलामी की कार्यवाही दिनांक 07–05–2026 को प्रातः 11:00 बजे सचल दल षष्ठम इकाई, कार्यालय कमरा नं0 221, द्वितीय तल, वाणिज्य/राज्य कर विभाग, लखनपुर, कानपुर नगर में की जायेगी।

(ज्योति धारीवाल) सहायक आयुक्त, राज्य कर
सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर

